दैनिक
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
बर्षः- 05
अंकः- 181
मुरादाबाद
(Friday)
24 October 2025
पृष्ठः- 08
मूल्यः- 3.00 रूपया

# क्यूँ न लिखूँ सच

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## राष्ट्रपति मुर्मू ने केआर नारायणन की प्रतिमा का अनावरण किया, बोलीं- उनका जीवन प्रेरणा का प्रतीक

केरल दौरे पर गईं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को राजभवन परिसर में पूर्व राष्ट्रपति केआर नारायणन की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि नारायणन का जीवन साहस, मेहनत और आत्मविश्वास की मिसाल है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इन दिनों केरल के दौरे पर हैं। इस दौरान गुरुवार को उन्होंने केरल राजभवन परिसर में भारत के पूर्व राष्ट्रपति केआर नारायणन की प्रतिमा का अनावरण किया। यह प्रतिमा भारत के पहले दलित राष्ट्रपति को श्रद्धांजलि स्वरूप स्थापित की गई है। इस मौके पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, बिहार के राज्यपाल



आरिफ मोहम्मद खान, केरल के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री पिनराई विजयन मौजूद थे।कार्यक्रम में राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि केआर नारायणन का जीवन साहस, मेहनत और आत्मविश्वास की प्रेरणादायक कहानी है। उन्होंने शिक्षा की शक्ति के बल पर देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद तक पहुंचकर यह दिखाया कि अवसर और दृढ़ निश्चय से सब कुछ संभव है।भारत के मूल्यों को ईमानदारी से निभाया- मुर्मू मुर्मू ने कहा कि राजनीति में आने से पहले नारायणन ने भारतीय विदेश सेवा में शानदार करियर बनाया और हमेशा भारत के मूल्यों शांति, न्याय और सहयोग को ईमानदारी से निभाया। राष्ट्रपति ने बताया कि नारायणन न सिर्फ भारत के राष्ट्रपति रहे, बल्कि उन्होंने उपराष्ट्रपति के रूप में भी देश की सेवा की। उन्होंने कहा कि नारायणन हमेशा केरल से जुड़े रहे और अपने राज्य की सामाजिक प्रगति, शिक्षा और समानता की भावना से प्रेरणा लेते रहे। उनके लिए शिक्षा सभी का अधिकार थी, न कि कुछ लोगों का विशेषाधिकार।नारायणन ने लोकतांत्रिक मूल्यों की विरासत छोड़ी- मुर्मू मुर्मू ने इस दौरान यह भी कहा कि नारायणन ने नैतिकता, ईमानदारी, करुणा और लोकतांत्रिक मूल्यों की विरासत छोड़ी है, जो आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। उन्होंने कहा कि आज जब हम उन्हें याद कर रहे हैं, तो उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर एक समावेशी और न्यायपूर्ण भारत के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रपति मुर्मू ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का धन्यवाद किया, जिनके मार्गदर्शन में यह पहल शुरू की गई थी। गौरतलब है कि केआर नारायणन ने 1997 से 2002 तक भारत के 10वें राष्ट्रपति के रूप में कार्य किया था। उनका निधन 9 नवंबर 2005 को 85 वर्ष की आयु में हुआ था।

## सांसद सतीश गौतम ने स्वामी प्रसाद मौर्या को बताया मानसिक रूप से बीमार, यह भी बोले



लक्ष्मी पूजन पर स्वामी प्रसाद मौर्या और स्वामी प्रसाद मौर्या पर अलीगढ़ सांसद सतीश गौतम का बयान चर्चा में है। सांसद सतीश गौतम ने स्वामी प्रसाद मौर्या को मानसिक रूप से बीमार तक कह दिया।लक्ष्मी पूजन पर राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्या के बयान पर सांसद सतीश गौतम ने टिप्पणी की है।

सांसद सतीश गौतम ने उन्हें मानसिक रूप से बीमार बताया है।22 अक्तूबर को रामघाट रोड पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे सांसद सतीश गौतम ने कहा कि वे नास्तिक लोग हैं। वे दूसरी सोच के लोग हैं। मानसिक रूप से बीमार हैं। इसलिए उनके विषय में ज्यादा कुछ नहीं कहा जा सकता। वे जिस सोच के हैं, उनकी उसी सोच की वजह से उनकी बेटी उनसे अलग होकर भाजपा में काम कर रही हैं। इससे ज्यादा बुरा उनके साथ कुछ नहीं हो सकता। बता दें कि स्वामी प्रसाद का लक्ष्मी पूजन को लेकर दिया गया बयान इन दिनों सुर्खियों में है।

## संक्षिप्त समाचार

### बसपा नेता शमशुद्दीन राईन पार्टी से बर्खास्त, लखनऊ व कानपुर मंडल के थे प्रभारी

अनुशासनहीनता और गुटबाजी करने के आरोप में शमशुद्दीन राईन को बसपा से निष्कासित कर दिया गया है। वह लखनऊ व कानपुर मंडल के प्रभारी थे। बसपा ने गुटबाजी



व अनुशासनहीनता के आरोप में शमशुद्दीन राईन को पार्टी से बर्खास्त कर दिया गया है। वह लखनऊ व कानपुर मंडल के प्रभारी थे। इस संबंध में प्रदेश अध्यक्ष ने बयान जारी कर दिया गया है।जारी किए गए बयान में कहा गया है कि राईन पार्टी में गुटबाजी और अनुशासनहीनता कर रहे थे। उन्हें इस संबंध में चेतावनी भी दी गई लेकिन उन्होंने कार्यशैली में सुधार नहीं किया। ऐसे में उन्हें बसपा से निष्कासित कर दिया गया है। बता दें कि बसपा सुप्रीमो मायावती लखनऊ में नौ अक्तूबर को हुई रैली के बाद काफी सक्रिय नजर आ रही हैं। वह यूपी चुनाव को लेकर पदाधिकारियों की बैठक कर चुकी हैं और अब बिहार विधानसभा चुनाव में प्रचार करेंगी। लखनऊ में हुई रैली में उन्होंने बसपा कार्यकर्ताओं से यूपी चुनाव की तैयारी में जुट जाने का आह्वान किया था। उन्होंने कहा था कि यूपी में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने के लिए बसपा कार्यकर्ताओं को जुट जाना चाहिए। वहीं, कहा ये भी जा रहा है कि वह बिहार में कई रैलियों को संबोधित कर सकती हैं।

## सीएम योगी का बड़ा फैसलाः फायर सर्विस में जल्द बनेगी स्पेशलाइज्ड यूनिट, हर 100 किलोमीटर पर होगी ये खास सुविधा



मुख्यमंत्री के निर्देशों के उपरान्त विभाग में राजपत्रित संवर्ग के 98 व राजपत्रित संवर्ग के लगभग 922 नए पद सृजित होने का मार्ग प्रशस्त हुआ है।सीएम योगी ने कहा, प्रदेश में बढ़ती जनसंख्या, औद्योगिक विस्तार और शहरीकरण की गति को देखते हुए अग्निशमन विभाग की संरचना को अधिक सशक्त, आधुनिक व जनसुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील बनाना समय की आवश्यकता है। फायर सर्विस को केवल आग बुझाने तक सीमित न रखकर इसे आपदा प्रबन्धन, रेस्क्यू ऑपरेशन और आपात सेवाओं के समेकित स्वरूप में विकसित किया जाए। सीएम योगी अपने सरकारी आवास पर अग्निशमन एवं आपात सेवा विभाग के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने विभागीय कैडर रिव्यू की आवश्यकता जताते हुए निर्देश दिए कि प्रत्येक रीजन में स्पेशलाइज्ड यूनिट गठित की जाए, जो केमिकल, बायोलॉजिकल, रेडियोलॉजिकल दुर्घटनाओं व सुपर हाईराइज बिल्डिंग जैसी परिस्थितियों से निपटने में सक्षम हो। मुख्यमंत्री ने फायर सर्विस को अत्याधुनिक उपकरणों और प्रशिक्षित जनशक्ति से सुसज्जित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में इस बात पर हुई चर्चा बैठक में विभाग में नए पदों के सृजन पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभाग की प्रशासनिक क्षमता और वित्तीय पारदर्शिता बढ़ाने के लिए प्रत्येक जनपद में अकाउण्ट कैडर स्थापित किया जाए। साथ ही, राज्य अग्निशमन प्रशिक्षण महाविद्यालय में अतिरिक्त पद सृजित कर प्रशिक्षण व अनुसंधान की गुणवत्ता को और बेहतर बनाया जाए।

मुख्यमंत्री के निर्देशों के उपरान्त विभाग में राजपत्रित संवर्ग के 98 व राजपत्रित संवर्ग के लगभग 922 नए पद सृजित होने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। इससे जनपद, रीजनल और मुख्यालय स्तर पर फायर सर्विस की कार्यक्षमता और जनसेवा क्षमता को नई मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक जिले में फायर एवं आपात सेवाओं की त्वरित उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। एक्सप्रेस-वे पर बढ़ती दुर्घटनाओं को देखते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक 100 किलोमीटर की दूरी पर फायर टेण्डर सहित एक छोटी फायर चौकी स्थापित की जाए, ताकि दुर्घटना की स्थिति में गोल्डन आवर के भीतर राहत व बचाव कार्य प्रारम्भ किया जा सके। बैठक में मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया गया कि नई ऑपरेशनल इकाइयों के रूप में कुशीनगर, आजमगढ़, श्रावस्ती, कानपुर नगर, अयोध्या, अलीगढ़, मुरादाबाद, चित्रकूट और सोनभद्र एयरपोर्ट पर अग्निशमन सेवाओं की समुचित जनशक्ति पहले ही तैनात की जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि फायर सर्विस जनता के जीवन और सम्पत्ति की सुरक्षा से सीधे जुड़ा हुआ विभाग है। इसकी संरचना ऐसी होनी चाहिए, जो हर परिस्थिति में त्वरित, कुशल और उत्तरदायी प्रतिक्रिया देने में सक्षम हो। उन्होंने कहा कि विभाग के पुनर्गठन की प्रक्रिया समयबद्ध रूप से पूरी की जाए, ताकि इसका लाभ शीघ्र जनता तक पहुंच सके।

## महागठबंधन का एलानः तेजस्वी मुख्यमंत्री का चेहरा, सहनी की जिद पूरी;गहलोत बोले- डिप्टी सीएम एक से ज्यादा होंगे

महागठबंधन के सभी घटक दलों ने अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। सीट बंटवारा अब तक नहीं हुआ है। लेकिन संयुक्त प्रेस वार्ता में सभी दलों ने एकजुट होने का संदेश दिया। साथ ही तेजस्वी यादव को सीएम फेस घोषित कर दिया।बिहार चुनाव को लेकर महागठबंधन ने गुरुवार को संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपने मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री पद के चेहरों का एलान कर दिया। महागठबंधन ने स्पष्ट कहा कि पूरा गठबंधन एकजुट है। बिहार में बदलाव लाने के लिए तैयार है। महागठबंधन में मुख्यमंत्री का चेहरा तेजस्वी यादव होंगे। वहीं मुकेश सहनी को महागठबंधन ने उपमुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित किया गया है। कांग्रेस नेता अशोक गहलोत ने कहा कि, सरकार बनने पर अन्य वर्गों से भी उपमुख्यमंत्री बनाएं जाएंगे। सभी दलों ने एक स्वर में कहा कि भारी बहुमत से हमलोग सरकार बनाने जा रहे हैं। वहीं वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी ने कहा कि हमलोग पिछले साढ़े तीन साल से इस समय का इंतजार कर रहे थे। हमलोगों ने प्रण लिया था कि जब तक भाजपा को तोड़ेंगे नहीं, तब तक छोड़ेंगे नहीं। आज वह समय आ चुका है। चुनाव के बाद बिहार की जनता भाजपा को खदेड़ देगी। महागठबंधन की सरकार बनने जा रही है।वहीं भाकपा माले के वरिष्ठ नेता दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि 2020 के विधानसभा चुनाव में कुछ चंद सीटों के



कारण हमलोग सरकार नहीं बना पाए। आज फिर से वह समय आया है। नीतीश सरकार ने छात्रों के साथ अन्याय किया। उनपर लाठियां बरसाई। महिलाओं को रोजगार योजना के नाम पर 10 हजार देकर छल किया। पूरे देश में लोगों की आशंका है कि क्या बिहार में महाराष्ट्र चुनाव वाला किस्सा दोहराया जाएगा। लेकिन, हम लोगों को आश्वास्त करते हैं कि बिहार बिल्कुल तैयार है। महागठबंधन के सातों दल पूरी एकता के साथ बदलाव के एजेंडे को पूरा करेंगे। वहीं राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत ने कहा कि इंडिया गठबंधन ने लोकसभा चुनाव में एनडीए को अच्छी टक्कर दी। पिछले चुनाव में महागठबंधन मामूली वोटों के अंतर से पीछे रह गए। एनडीए संवैधानिक संस्थाओं को दुरुपयोग कर खेला करना चाहताा है। यह लोग चुनाव जीतने के लिए कुछ भी करने के लिए तैयार हैं। इस चुनाव में अगले मुख्यमंत्री के रूप में हमलोग तेजस्वी यादव को चुनते हैं। वह नौजवान हैं। जो कहते हैं करते हैं। अब तक जो वादे किए, उसमें खड़े उतरे। इसलिए महागठबंधन ने फैसला लिया है कि हमलोगों का मुख्यमंत्री चेहरा तेजस्वी यादव ही होंगे। वहीं अशोक गहलोत ने कहा कि मुकेश सहनी की पार्टी महागठबंधन के प्रमुख दलों में से एक हैं। उनकी छवि को देखते हुए महागठबंधन उन्हें डिप्टी सीएम का फेस घोषित करता है। तेजस्वी यादव ने पूछा अमित शाह से यह सवाल तेजस्वी यादव ने कहा कि महागठबंधन को नया बिहार बनाना है। इसलिए हमलोग एकजुट हुए हैं। हमलोग इस निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प ले चुके हैं। तेजस्वी यादव ने कहा कि सीएम नीतीश कुमार के साथ एनडीए में अन्याय किया गया है। एनडीए ने एक बार भी संयुक्त प्रेस वार्ता नहीं की। अब तक मुख्यमंत्री का चेहरा नीतीश कुमार को घोषित किया गया है। इस पर गृह मंत्री अमित शाह ने मुहर लगा दी है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विधायक दल का नेता मुख्यमंत्री तय करेगा। लेकिन, क्या कारण है कि आपलोग नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री का चेहरा नहीं घोषित कर रहे हैं? आपलोग पिछले 20 साल में कई जगह मुख्यमंत्री का चेहरा चुनाव से पहले घोषित कर चुके हैं। पिछले चुनाव में भी आपलोगों ने नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित कर दिया था। लेकिन, इस बार क्या कारण है कि उन्हें सीएम फेस घोषित नहीं कर रहे हैं। तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा, सीएम नीतीश कुमार की पार्टी को खत्म करना चाहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र में सरकार हैं लेकिन देश का सबसे ज्यादा गरीब और पिछड़ा राज्य बिहार है। अभी 70 हजार का घोटाले की बात आई सीएजी की रिपोर्ट में लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। सृजन घोटला और बालिका गृह में क्या हुआ? यह सबने देखा। एनडीए सरकार में लगातार पुल गिर रहे हैं। चूहे शराब पी रहे हैं। रोज गोलियां चलती है। यहीं बगल में गोपाल खेमका की हत्या हो गई। मेरे घर के बाहर गोलियां चली लेकिन कुछ नहीं हुआ। लगातार भ्रष्टाचार और अफसरसाही से लोग परेशान हो चुकी हैं। यह लोग प्रचार में भी चले गए लेकिन एक भी एजेंडा नहीं बताया कि अगले पांच साल में क्या करेंगे। अब तक पीएम मोदी या गृह मंत्री अमित शाह ने अपना एजेंडा नहीं रखा। यह लोग महागठबंधन का नकल करने में लगे हुए है। हमलोग जिस योजना की बात करते हैं, उसका नकल यह लोग कर लेते हैं। तेजस्वी यादव ने कहा कि एनडीए वाले नकलची हैं। इनके नेता थके हुए हैं। यह लोग बिहार को ठगने में लगे हुए हैं। हमलोगों ने पांच लाख नौकरियां दी। साढ़े तीन लाख नौकरियां प्रक्रियाधीन करवाई।

## संपादकीय Editorial

### Only Nobel's Ceasefires

The ceasefire in Gaza broke down within 10 days, but US President Trump claims it hasn't. With this same mindset, he is pressuring Ukrainian President Zelensky to agree to a ceasefire. In fact, President Trump tore up the document containing a map of Ukraine that Zelensky presented to him. Such arrogance...! President Trump was boasting about his two-hour phone conversation with Russian President Putin, and therefore flatly refused to provide Zelensky with strategic assistance. Zelensky's hopes of acquiring the Tomahawk missile were shattered in just one conversation. In Trump's words, he has advised Ukraine to surrender. What answer will President Zelensky give to the remaining people of his country? Russia occupies 15-16 percent of Ukraine's territory. Will Zelensky let it go? Putin has dealt Trump another blow. What he said is unknown, forcing the White House to announce that the Trump-Putin meeting in Budapest, Hungary, has been canceled. The next meeting remains uncertain. However, French President Macron had requested that representatives from Europe and Ukraine be included in the proposed Budapest meeting. Europe and NATO are also preparing for a major war against Russia. This chapter of dialogue and meeting has been closed for now, but President Trump's contradictions on Gaza are not surprising, as his peace efforts, agreements, and imposed ceasefires are solely aimed at winning the Nobel Peace Prize, and therefore, are proving to be neither meaningful nor long-lasting. Nearly 65,000 people have been killed in Gaza. Cities, schools, and hospitals are practically in ruins. Then, for some unknown reason, provocations and violations emerged, leading Israel to launch devastating airstrikes on a school in Gaza, Hamas terrorist hideouts, weapons depots, and tunnels. Smoke was once again visible everywhere. Reports indicate that Israeli forces used 153 tons of ammunition in just 24 hours, devastating Gaza. In a world of such devastation, destruction, and warlike conditions, it's foolish to imagine a ceasefire. On what grounds is President Trump claiming that the ceasefire hasn't been broken? This claim itself is ridiculous. I wonder what "perspective" the US President wants the rest of the world to see. The ceasefire in Gaza was imposed. Perhaps that's why it was limited to the mutual release of hostages and prisoners! Later, Hamas also began the massacre, and now Israeli forces have launched a devastating attack. It's being said that Hamas committed more than 47 violations, forcing Israeli forces to return and attack. The US President has also warned Hamas to accept and strictly enforce a ceasefire, or they will be wiped out. Can such tone and threats be part of peace efforts? This is certainly the language of war. Beyond Gaza and Russia-Ukraine, deep tensions are raging in Pakistan, the Taliban, and Balochistan. Perhaps President Trump is completely irrelevant in these areas, and therefore unable to intervene. Pakistan is a US-backed country, where common vegetables are being sold for 100-150 rupees, or even 400-500 rupees per kg. There is immense anger and discontent among the people here. The lava could erupt at any moment. The fundamental culture of all three regions is tribal, so they could kill each other at any time. Peace and stability are desperately needed here, as nature has blessed these regions with precious minerals, yet they remain impoverished and destitute because those resources are not being properly exploited. The fundamental conflict is over mineral rights. Liberation and independence are mere rhetoric. If Trump wants to strengthen his Nobel Peace Prize bid, he should be sincere about peace.

# Modi-Trump Talks, Prospects for a Trade Agreement Between the Two Countries

Instead of responding to India in their own language, India should prioritize protecting its interests through diplomatic maneuvering. India's first priority should be to reach a favorable trade agreement with the United States. Once such an agreement is reached, it won't take long for relations to recover, as the US also needs India's cooperation. The exchange of greetings between Prime Minister Modi and US President Donald Trump on Diwali, along with the increased likelihood of a trade agreement between the two countries, is a positive sign. It is believed that a trade agreement between the two countries could be reached next month. Before that, the two leaders may also meet at the ASEAN Summit in Malaysia. The prospects for a trade agreement have increased because, firstly, the two leaders discussed global security, regional stability, terrorism, and strategic partnership, including trade talks. Second, the US President appeared to backtrack on his claim that India had agreed to stop purchasing oil from Russia. Instead, he stated that India would not buy more oil from Russia. There is a difference between the two. This difference creates the possibility of a compromise. Trump's changed language indicates that he is willing to find a middle ground and offer concessions to India regarding the purchase of oil from Russia. He must do so, because India cannot compromise its energy security. India also cannot blindly accept whatever the US President says. As a sovereign nation, India has as much right to protect its interests and pursue its independent foreign policy as the US. Perhaps Trump is beginning to understand that India cannot be cowed down in the way he has cowed so many countries. India's strategy of responding to the US President's fabricated claims and boastful statements with diplomatic language is the right way to overcome his stubborn attitude. Instead of responding to him in his own language, India should prioritize protecting its interests by employing diplomatic skills. India's first priority should be to reach a trade agreement with the US that is favorable to it. Once such an agreement is reached, it won't take long for relations to return to normal, as India too needs India's cooperation. It should not be overlooked that if a speedy trade agreement with the United States is our priority, the United States also needs our support to fulfill its international interests. In fact, the interests of both countries are intertwined with mutual engagement and cooperation. The fact is that today, the United States cannot afford to ignore India, as our economy is growing at a rapid pace and is also enhancing our international standing.

# Maoism Breathes Its Last Breath, Surrender Continues

While the entire Maoist party is currently leaderless, the Indian government is committed to eliminating the Maoists by March 31st next year. According to the Home Ministry, the number of Maoist-affected districts in the country has declined to 11, of which only three are severely affected. Seven of these 11 districts are in Chhattisgarh. In Narayanpur and Kanker, almost all Maoists have surrendered. Maoists in Gariaband district have also expressed their intention to surrender. Security forces have recently achieved some major successes in the fight against Maoism. Among these, the surrender of 60 Maoists, including members of the Dandakaranya Special Zonal Committee and Central Committee of the Maoists, Venugopal alias Bhupati alias Sonu, in Gadchiroli, Maharashtra, along with automatic weapons, was significant in many ways. Many of these were from the zone and division level, and many were members of the technical branch, handling the manufacturing and repair of weapons. Bhupati was the secretary of the Dandakaranya Special Zonal Committee and, before his surrender, was the secretary of the Central Regional Bureau. Bhupati had offered peace talks, but due to a lack of consensus within the party, the talks did not progress. Bhupati's surrender is a major blow to the Maoists. When Bhupati called for an end to armed conflict, Maoists from the North Bastar Division, Mad Division, and Gadchiroli Division supported him. Subsequently, Dandakaranya Maoists Rupesh alias Kopa alias Satish, Bhaskar alias Rajman Madavi, Mad Secretary Ranita, and East Bastar Secretary Nirmala, along with 210 other comrades, surrendered to the police in Jagdalpur on October 17th with automatic weapons. This was the largest surrender in the country so far. In 2025, 312 Maoists have been killed in encounters, while over 1,600 have surrendered. This shift in Maoist thinking did not come suddenly. In August 2024, the Maoist Politburo decided to adopt defensive measures to protect the party. The Maoists continued to attempt to evade security forces by dividing all major groups and companies into smaller factions. Despite this, they were increasingly shrinking due to security operations. In May 2025, party General Secretary Basavaraju was killed in an encounter with his military company in Narayanpur district. Subsequently, Central Committee member Madame Balakrishna was killed in Gariaband, and Ramachandra Reddy and Kosa were also killed. Several Maoists recently surrendered in Telangana, including Padmavati alias Sujatha, wife of former Maoist Kishanji, Chandu, Vikas, and others. Seeing the police advance by establishing new security camps, the Maoist leaders have realized that the fight they began in Dandakaranya in 1980 is unwinnable. Therefore, it is better to surrender and adopt a non-violent path. Despite this, Sonu and Rupesh have stated that they will continue to fight for the rights of tribals. In the changed situation, the government has two important duties. First, the proper development of the region, and second, the proper rehabilitation of surrendered Maoists. The government should strive to eliminate all social inequalities that the Maoists used to gain influence among the villagers. Development schemes like "Niyad Nelanar" (Your Good Village) should not be limited to a five-kilometer radius of security camps, but should be expanded to encompass the entire area where Maoists have surrendered. Plans to build educational ashrams, hospitals, or dispensaries for healthcare must be implemented quickly, as forest produce is a vital source of livelihood for tribals. Consideration should also be given to implementing schemes for their fair price and processing. Roads should also be constructed and mobile towers should be installed. While implementing such development projects, it must also be ensured that environmental damage is minimized. The government should also ensure that surrendered Maoists receive the benefits of the rehabilitation policy promptly. They should be provided with necessary training and employment opportunities. Even after all this, security forces will still have to maintain surveillance in areas where Maoists have surrendered. According to available information, the Maoists have not been able to elect a new general secretary since Basavaraju's death. A new secretary for Dandakaranya has also not been elected. This is why the Central Committee is unable to make a unified decision, and all divisions are issuing press releases announcing ceasefires. Although the Telangana State Committee has vowed to continue the war, it is not only in a weak position, but its senior members have also taken refuge outside the state. No statement has been issued by former general secretary Ganapathy, Central Committee members Sangram, Ganeshanna, and Hemant Bisra. While the entire Maoist party is currently leaderless, the Indian government is committed to eliminating the Maoists by March 31st of next year. According to the Home Ministry, the number of Maoist-affected districts in the country has dropped to 11, of which only three are severely affected. Seven of these 11 districts are in Chhattisgarh. Of these, nearly all Maoists in Narayanpur and Kanker have surrendered. Maoists in Gariaband district have also spoken of surrendering. Except for a few areas, nearly all Maoists in Dandakaranya have surrendered. Now, only the Besides Devji, head of the Maoist Central Military Commission, the remaining members are Madvi Hidma, head of the military battalion, and a few members of the Dandakaranya Committee, who are likely still undecided about whether to surrender or continue the war. It's possible that, like Sonu and Rupesh, they too may soon decide to join the mainstream, given the circumstances. If this doesn't happen, the Maoist Party will remain a mere formality.



# घरेलू कलह में बेटे ने पिता पर की फायरिंग, कटघर पर पांच लोगों ने फूल विक्रेता को पीटा

पारिवारिक विवाद के चलते बेटे ने पिता पर फायर झोंक दिया। इसमें पिता जख्मी हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। दूसरी घटना में कटघर इलाके में कहासुनी के बाद पांच लोगों ने फूल विक्रेता को पीट दिया। कांठ में घरेलू कलह के चलते कहासुनी व झगड़े के दौरान इकलौते बेटे ने




अपने ही पिता पर तमंचे से फायर कर दिया। गोली लगने से पिता गंभीर घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वारदात छजलैट थानाक्षेत्र के एक गांव की है।चर्चा है कि पूर्व में हुए एक पारिवारिक मामले को लेकर यहां रहने वाले पिता-पुत्र में अक्सर कहासुनी और झगड़ा होता रहता था। बीते दिवस इसे लेकर दोनों में हुए विवाद के दौरान बेटे ने तमंचे से अपने पिता पर सीधा फायर कर दिया। कंधे में गोली लगने से पिता गंभीर रूप से घायल हो गया।किसी तरह वह जान बचा कर भागता हुआ गांव पहुंचा, तब गांव वालों व परिवार के अन्य लोगों को पता लगा। इस वारदात के बाद से बेटा फरार है। परिवार वालों ने घायल को इलाज के लिए मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी मिलने पर पुलिस गांव पहुंची। मामला पारिवारिक होने के कारण कोई भी कार्रवाई के लिए आगे नहीं आया। पुलिस के सामने भी लोग खामोश रहे। एसएचओ छजलैट प्रदीप कुमार सहरावत ने बताया कि इस संबंध में कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। कटघर में फूल विक्रेता को पीटा, पांच पर केस- मुरादाबाद के कटघर थानाक्षेत्र के देवापुर गांव में फूल बेचकर लौट रहे विक्रेता को पांच लोगों ने घेर लिया और उसकी पिटाई कर दी। पुलिस ने पीड़ित की पत्नी की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया है। देवापुर गांव निवासी महिला गीता ने मंगलवार की रात केस दर्ज कराया है जिसमें उसने बताया कि दिवाली की रात करीब एक बजे उसके पति वीरपाल फूल बेचकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में गांव के ही खेमपाल, पप्पू, राजेंद्र, अंकित और विजय सिंह मिल गए। आरोप है कि उन्होंने वीरपाल पर हमला बोल दिया जिसमें वह घायल हो गए। इसके बाद आरोपी मौके से भाग गए। कटघर प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। युवक को पीटा, दो भाइयों पर मुकदमा- बिलारी के मोहल्ला ठाकुरान में रंजिशन युवक से मारपीट करने और धमकी देने के आरोप में दो सगे भाईयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। मोहल्ला ठाकुरान निवासी आकिल हुसैन की ओर से थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा गया है कि मोहल्ले के ही रॉकी पर उसके आठ सौ रुपये बकाया थे। बकाया रुपये मांगने पर रॉकी और उसके भाई सलीम ने उसे गाली देनी शुरू कर दी। गाली देने का विरोध करने पर दोनों भाइयों ने उसे लाठी डंडे व धारदार हथियार से पीटकर घायल कर दिया।

# युवती से की दोस्ती.. मिलने के लिए अकेले घर पर बुलाया, गंदा वीडियो बनाकर कर रहा ब्लैकमेलिंग

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के रहने वाले युवक ने एक युवती से दोस्ती की। इसके बाद उसे अपने घर बुलाया। आरोपी है कि उसने युवती के साथ दुष्कर्म कर उसका वीडियो तैयार किया। इसके बाद उसे लगातार ब्लैकमेल कर रहा है। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।युवक ने शादी का झांसा देकर युवती का शारीरिक शोषण किया और मोबाइल से वीडियो बना लिया। इस वीडियो के जरिए आरोपी ने उसे ब्लैकमेल किया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।सिविल लाइंस थाने में दर्ज कराए केस में पीड़ित युवती ने बताया कि हरथला मंडी के सामने रहने वाले सौरभ कुमार से उसके प्रेम संबंध हो गए थे। आरोपी ने 21 मई की दोपहर मिलने के बहाने विद्या नगर स्थित किराये के मकान में बुला लिया।आरोपी ने यहां पीड़िता को शादी करने का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए। इस दौरान आरोपी ने मोबाइल से वीडियो बना लिया। इस वीडियो के जरिए आरोपी ने उसे ब्लैकमेल किया। पांच माह से आरोपी पीड़िता को ब्लैकमेल कर रहा है। पीड़िता ने शादी के लिए दबाव बनाया तो आरोपी ने उसे धमकी दी कि वह वीडियो वायरल कर देगा। परेशान होकर पीड़िता ने परिजनों को आपबीती सुनाई। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। युवती के अपहरण की कोशिश, पिता पर ताना तमंचा- दूसरी घटना में मझोला थानाक्षेत्र के मानसरोवर कॉलोनी में कार सवार युवकों ने युवती को अगवा करने की कोशिश की। घटना के समय पीड़िता अपने पिता के साथ कुत्ता टहला रही थी। पिता ने रोकने की कोशिश की तो आरोपियों ने उन पर तमंचा तान दिया। इसी दौरान पीड़िता हाथ छुड़ा लिया और अपनी जान बचाकर भाग गई। पुलिस ने पीड़िता के पिता की तहरीर पर एक नामजद और तीन अज्ञात पर केस दर्ज कर लिया है। 21 वर्षीय युवती मझोला के लाइनपार क्षेत्र में रहती है। उसके पिता ने मझोला थाने में दर्ज कराए केस में बताया कि 12 अक्तूबर की रात करीब दस बजे वह अपनी बेटी के साथ मानसरोवर कॉलोनी में कुत्ता टहला रहे थे। इसी दौरान उनके पास एक कार आकर रुकी। कार में मझोला के खुशहालपुर शनिदेव मंदिर के पास रहने वाला आलोक और उसके साथी सवार थे। पिता का आरोप है कि आलोक ने उसकी बेटी का हाथ पकड़ लिया और उसे जबरन कार में डालने की कोशिश करने लगा। पिता ने विरोध किया तो आलोक के साथ मौजूद उसके साथियों ने उन पर तमंचा तान दिया और फायरिंग करने की कोशिश की। इसी बीच युवती ने आरोपी आलोक से अपना हाथ छुड़ा लिया और भागकर मानसरोवर पैराडाइज होटल की कार पार्किंग में पहुंचकर अपनी जान बचाई। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पिता ने आरोप लगाया कि आरोपी उसकी बेटी को पहले भी परेशान कर चुका है। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर एक नामजद और तीन अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। आस पड़ोस के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल जा रही है।

## अधूरी रह गई आयुषी की ये हसरत...पड़ोसियों ने विनायक को मार डाला; भाजपा नेता के भतीजे की हत्या की ये थी वजह

भाजपा नेता के भतीजे विनायक की हत्या के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दो अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। बाइक खड़ी करने को लेकर हुए विवाद के बाद आरोपियों ने विनायक और उसके भाई पर हमला कर दिया था। उधर, भाई दूज के दिन विनायक के परिजनों के आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। मुरादाबाद के कटघर थानाक्षेत्र में भाजपा नेता अनुराग सिंह के भतीजे विनायक सिंह (17) की हत्या करने के आरोपी विशाल कौशिक उर्फ पुले कौशिक और आकाश रावत उर्फ सोना को गिरफ्तार कर लिया। मामले में अन्य दो आरोपी अभी पुलिस के हाथ नहीं आए हैं। उधर, छोटे बेटे विनायक की हत्या के बाद से पूरे परिवार का रो रोकर बुरा हाल है। आयुषी हर साल अपने भाइयों का तिलक कर भैयादूज मनाती थी लेकिन इस बाद छोटे भाई को भैयादूज पर तिलक करने की हरकत अधूरी रह गई। भाजपा के पूर्व क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग सिंह का परिवार शहर के कटघर बीच छोटा छत्ता मोहल्ले में रहता है।उनके के बड़े भतीजे अभिषेक सिंह ने पड़ोस में रहने वाले विशाल उर्फ पुले कौशिक, उसके भाई अनंत कौशिक, चाचा अनिल शर्मा और आकाश रावत उर्फ सोना के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कराया है जिसमें अभिषेक ने बताया कि मंगलवार दोपहर विशाल से रास्ते में बाइक खड़ी करने को लेकर उनका विवाद हो गया था।इस विवाद में आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी थी। उस वक्त मामला शांत हो गया था लेकिन मंगलवार की शाम सात बजे आरोपी ने फिर से गाली गलौज शुरू कर दी। इसी दौरान वहां अभिषेक का छोटा भाई विनायक आ गया।उसने गाली गलौज का विरोध किया तो विशाल ने अपने भाई अनंत, चाचा अनिल शर्मा और आकाश रावत को बुला लिया। आरोपियों ने दोनों भाइयों के साथ मारपीट की और चाकू से हमला कर विनायक की हत्या कर दी। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि आरोपी आरोपी विशाल कौशिक उर्फ पुले कौशिक और आकाश रावत उर्फ सोना को गिरफ्तार कर लिया हैं। दो आरोपी अनिल शर्मा और अनंत कौशिक की तलाश की जा रही है।ें उनकी पत्नी नीलम, बेटी आयुषी और बड़ा बेटा अभिषेक सिंह हैं। चाकू के एक वार से फट गया था लिवर कटघर थाने की पुलिस ने बुधवार को विनायक के शव का पोस्टमार्टम कराया।

# सपा के लिए इस बार भी आसान नहीं डगर... यहां पर भाजपा से होगी सीधी टक्कर; रालोद भी है कमल के साथ

बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन में सपा के लिए इस बार भी डगर कठिन होगी। एक साल पहले प्रत्याशी घोषित कर सपा ने दांव खेला है, भाजपा से सीधी टक्कर होगी। संभावना है कि भाजपा से एक बार फिर मौजूदा एमएलसी डॉ. हरि सिंह ढिल्लों मैदान में उतर सकते हैं।बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन में सपा ने भले ही सबसे पहले मैदान में उतरकर राजनीतिक हलचल बढ़ा दी हो लेकिन हालात यह संकेत दे रहे हैं कि इस बार भी सपा के लिए मुकाबला आसान नहीं होगा। सपा ने बिजनौर के रहने वाले हाजी दानिश अख्तर को प्रत्याशी घोषित किया है जबकि भाजपा की ओर से अभी आधिकारिक नाम नहीं आया लेकिन संभावना यही हैं कि मौजूदा एमएलसी डॉ. हरि सिंह ढिल्लों एक बार फिर मैदान में उतर सकते हैं।2020 में हुए शिक्षक निर्वाचन में भाजपा समर्थित डॉ. हरि सिंह ढिल्लों ने सपा प्रत्याशी संजय मिश्रा को बड़े अंतर से हराया था। कुल 36 हजार मतदाताओं में से ढिल्लों को 12,827 वोट प्राप्त हुए थे जबकि सपा को 4,864 मत पर संतोष करना पड़ा था। दिलचस्प बात यह है कि इस बार सपा ने जिस हाजी दानिश को टिकट दिया है उन्होंने पिछला चुनाव निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर लड़ा था और महज 723 वोट ही प्राप्त कर सके थे। ऐसे में हाजी दानिश सपा के पीडीए फार्मूले के दम पर कितना सफल हो पाएंगे यह एक बड़ा सवाल है। भाजपा ने अभी औपचारिक घोषणा नहीं की है लेकिन संगठन के भीतर यह माना जा रहा है कि मौजूदा एमएलसी डॉ. ढिल्लो को ही दोबारा टिकट मिल सकता है। वह शिक्षक वर्ग में लंबे समय से सक्रिय भी हैं और बरेली-मुरादाबाद सीट पर सिख और जाट सिख समुदाय में काफी अच्छी पकड़ भी रखते हैं। डॉ. ढिल्लो का पलड़ा भारी- इसके अलावा वह वित्तविहीन शिक्षकों के भी बड़े नेता माने जाते हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी के समधी होने के नाते उनका पलड़ा और भी मजबूत नजर आता है।



डॉ. ढिल्लो को मिल सकता है रालोद का भी खुला समर्थन पूर्व में राष्ट्रीय लोकदल ने उन्हें एमएलसी बनाया था। इस बार रालोद भी भाजपा के साथ गठबंधन में है। ऐसे में माना जा रहा है कि डॉ. ढिल्लो को रालोद का भी खुला समर्थन मिल सकता है। इससे भाजपा खेमे को लाभ मिल सकता है। सपा ने एक साल पहले ही प्रत्याशी का नाम घोषित कर राजनीतिक माहौल जरूर तैयार किया है लेकिन चुनाव नवंबर-2026 में होने हैं और डॉ. ढिल्लो का कार्यकाल दिसंबर-2026 तक है। वहीं दूसरी ओर सपा और कांग्रेस इंडिया गठबंधन में जरूर शामिल है लेकिन दोनों ही पार्टियों ने एमएलसी चुनाव अकेले लड़ने का ही एलान किया है। सपा के लिए शिक्षक और स्नातक चुनाव इसलिए भी अहम है क्योंकि यह वोट बैंक सपा का परंपरागत वोटर नहीं माना जाता है। सपा ने टिकट देते समय इस बार सक्रिय और शिक्षित उम्मीदवारों का चयन किया है। हाजी दानिश भी उन्हीं में से एक हैं। सपा प्रत्याशी टिकट मिलने के बाद ही सक्रिय सपा प्रत्याशी टिकट मिलने के बाद ही सक्रिय भी हो गए हैं। उन्होंने सभी 12 लोकसभा और 52 विधानसभा क्षेत्रों का दौरा कर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का अभियान शुरू कर दिया है। प्रत्याशी का कहना है कि बड़ी संख्या में अल्पसंख्यक संस्थानों के वोटरों का नाम मतदाता सूची में नहीं है। वह अभियान चलाकर नाम जुड़वाने का प्रयास कर रहे हैं। 36 साल तक रहा शर्मा गुट का कब्जा बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन सीट पर लंबे समय तक शिक्षक संगठन माध्यमिक शिक्षक संघ (शर्मा गुट) का ही कब्जा रहा। 1972 से 2008 तक लगातार इसी गुट ने इस सीट पर कब्जा जमाया। 2014 में पहली बार सपा समर्थित संजय मिश्रा ने इस सीट पर जीत हासिल की। लेकिन 2020 में ही भाजपा ने यह सीट अपने कब्जे में ले ली। सपा के लिए गहरी चुनौती शिक्षक निर्वाचन पारंपरिक राजनीतिक वोटिंग पर नहीं बल्कि व्यक्तिगत छवि, भरोसे और शिक्षा से जुड़े मुद्दों पर टिका होता है। सपा को इस वर्ग में अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए ठोस एजेंडा तय करना होगा। सपा प्रत्याशी ने पुरानी पेंशन, वित्तविहीन शिक्षकों के मानदेय, मदरसा शिक्षकों का मानदेय, पदोन्नति जैसे मुद्दों को अपनी प्राथमिकताओं में गिनाए हैं। हालांकि सपा प्रत्याशी के पास अभी लंबा समय है और वह शिक्षक वर्ग से ही जुड़े हुए हैं। ऐसे में वह शिक्षक संगठनों, कॉलेज प्रबंधन समितियों और आरटीई से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाकर अपने पक्ष में माहौल तैयार कर सकते हैं। पिछले बार थे 36 हजार मतदाता- बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन का पिछला चुनाव 2020 में हुआ था। इस चुनाव में कुल 36703 मतदाता थे। इसमें बरेली में 6230, बदायूं में 3275, शाहजहांपुर में 3896, रामपुर में 2742, बिजनौर में 6352, मुरादाबाद में 5475, पीलीभीत में 1967, अमरोहा में 3779 और संभल में 2987 मतदाता थे। यह था परिणाम- 2020 के चुनाव में भाजपा के उम्मीदवार डॉ. हरी सिंह ढल्लो को कुल 12827 वोट प्राप्त हुए थे और वह विजेता बने थे। दूसरे नंबर पर सपा के संजय कुमार मिश्रा रहे जिन्हें कुल 4864 वोट प्राप्त हुए। कांग्रेस प्रत्याशी मेहंदी हसन को 276 मत मिले थे। वहीं निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में रामबाबू शास्त्री ने 2016, सुभाष चंद्र शर्मा ने 1283, सुनीत गिरि ने 1258, डॉ. राजेंद्र गंगवार ने 1162, हाजी दानिश अख्तर ने 723, विनय खंडेलवाल ने 705, आशुतोष शर्मा ने 213, पीयूष राठौर ने 61, बालकृष्ण ने 54, महताब अली ने 54, अभिषेक द्विवेदी ने 04, पुष्पेंद्र कुमार ने 04 मत प्राप्त किए थे। इसके अलावा 1290 वोट अमान्य करार दिए गए थे। ये हैं 1972 से अब तक के शिक्षक विधायक 1972 - रमेश चंद्र शर्मा उर्फ विकट, उप्र माशिसं (शर्मा गुट) 1978 - रमेश चंद्र शर्मा उर्फ विकट, उप्र माशिसं (शर्मा गुट) 1984 - केशव कुमार शर्मा, उप्र माशिसं (शर्मा गुट) 1990 - केशव कुमार शर्मा, उप्र माशिसं (शर्मा गुट) 1995 - रामबाबू शास्त्री, उप्र माशिसं (शर्मा गुट) 1996 - रामबाबू शास्त्री, उप्र माशिसं (शर्मा गुट) 2002 - सुभाष चंद्र शर्मा, उप्र माशिसं (शर्मा गुट) 2008 - सुभाष चंद्र शर्मा, उप्र माशिसं (शर्मा गुट) 2014 - संजय कुमार मिश्रा (सपा समर्थित) 2020 - डॉ. हरि सिंह ढिल्लो (भाजपा समर्थित) नोट - वर्ष 1995 में उपचुनाव हुआ था। यह सीट समाजवादियों की रही है और हम इसे दोबारा वापस लाने के लिए हर स्तर पर मेहनत कर रहे हैं। इस बार संगठन, शिक्षक और कार्यकर्ता सभी एकजुट हैं। इस बार नतीजा हमारे ही पक्ष में होगा। - जयवीर सिंह यादव, जिलाध्यक्ष, सपा

## संक्षिप्त समाचार

### मोमोज खिलाने के बहाने ले गए साथः गलत काम करने का दबाव.. हमले में किशोरी की मौत, नाबालिग सहेली समेत तीन पकड़े

किशोरी की संदिग्ध मौत मामले में पुलिस ने उसकी नाबालिग सहेली समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। उसकी दादी का आरोप है कि तीनों उसे मोमोज खिलाने के बहाने से ले गए। वह उस पर गलत काम करने का दबाव बना रहे थे। कटघर क्षेत्र में रहने वाली किशोरी की मौत के मामले में मूंढापांडे थाने में पुलिस ने उसकी सहेली नाबालिग, किशोर और एक युवक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या में केस दर्ज किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई पीड़ित किशोरी की दादी की तहरीर पर की है। बुधवार को पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दलपतपुर निवासी आरोपी अनमोल को कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कटघर क्षेत्र निवासी किशोरी महिला ने मूंढापांडे थाने में दर्ज कराए केस में बताया कि 14 अक्तूबर की शाम करीब छह बजे मोहल्ले में ही रहने किशोरी उसकी 16 वर्षीय पोती को मोमोज खिलाने के बहाने घर से बाहर ले गई थी।इसके बाद रात साढ़े आठ बजे सूचना मिली कि किशोरी अस्पताल में भर्ती है। इसकी जानकारी मिलने पर परिजन जिला अस्पताल पहुंच गए थे। जहां पता चला कि पड़ोस में रहने वाली किशोरी, मूंढापांडे के दलपतपुर निवासी अनमोल और एक किशोर उसे भर्ती कराकर गए हैं। परिजन किशोरी को लेकर मेरठ गए। जहां इलाज के दौरान मंगलवार को उसकी मौत हो गई। है। सिर पर चोट लगने से हुई मौत- महिला का आरोप है कि उसकी बेटी के साथ गलत काम करने के लिए सिर पर हमला किया गया जिसमें वह घायल हो गई थी। इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पोस्टमार्टम में सिर में चोट लगने से मौत हुई है जबकि दुष्कर्म की पुष्टि नहीं हुई है। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि किशोरी को घर से ले जाने वाली उसकी नाबालिग सहेली, एक किशोर और दलपतपुर निवासी अनमोल को गिरफ्तार किया गया है। अनमोल को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है जबकि किशोरी को नारी निकेतन और किशोर को राजकीय संप्रेक्षण गृह में भेजा गया

### पति ने गर्भवती पत्नी को मारा चाकू, पहले शिशु और अब महिला ने तोड़ा दम, पुलिस हिरासत में आरोपी

ठाकुरद्वारा में दहेज के लिए पति ने गर्भवती पत्नी पर चाकू से हमला किया था। 21 दिन अस्पताल में भर्ती रहने के बाद महिला ने दम तोड़ दिया। इससे पहले उसके गर्भ में पल रहे शिशु की पहले ही मौत हो चुकी थी। मृतका के पिता की तहरीर पर पति यशपाल सिंह, ससुर और जेठ के खिलाफ केस दर्ज है। पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में ले लिया है।ठाकुरद्वारा थानाक्षेत्र के गांव में आरोपी पति द्वारा चाकू से किए गए हमले में घायल महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। महिला करीब 21 दिनों से अस्पताल में भर्ती थी। जबकि उसके गर्भ में पल रहे शिशु की पहले मौत हो गई थी। बिजनौर जिले के रेहड़ थानाक्षेत्र के हरकिशनपुर गांव निवासी रामकुमार सिंह ने सात अक्तूबर को ठाकुरद्वारा थाने में केस दर्ज कराया था। इसमें बताया कि उसकी बेटी ममता का विवाह 12 फरवरी 2022 को ठाकुरद्वारा के अब्दुल्लापुर लेदा निवासी यशपाल सिंह के साथ हुआ था। शादी में दिए गए दहेज से ससुराल वाले नाखुश थे। उन्होंने ममता पर दबाव बनाया है कि वह अपने मायके से दो लाख रुपये ले कर आए।आरोप है कि छह अक्तूबर की सुबह ममता के पेट में उसके पति यशपाल सिंह ने चाकू मार दिया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई थी। ममता पांच माह की गर्भवती थी। निजी अस्पताल में ऑपरेशन के दौरान ममता के गर्भ में पल रहे शिशु की मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने पति यशपाल सिंह, ससुर अंतराम सिंह और जेठ शिवराज सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। बुधवार की सुबह करीब तीन बजे ममता ने भी दम तोड़ दिया। पोस्टमार्टम के बाद बुधवार देरशाम ममता का शव गांव अब्दुल्लापुर लेदा पहुंचा। एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह ने बताया कि पति यशपाल सिंह को हिरासत में ले लिया गया है। मासूम बच्चों की देखभाल के लिए ससुराल पक्ष से समझौते का प्रयासमासूम बच्चों के सिर से मां का साया उठ गया है। ममता के बेटी काव्या (2) और बेटा गोरांश (10 माह) का है। ममता के पिता रामकुमार सिंह ने बताया कि देखभाल और परवरिश के लिए यशपाल और उनके पिता ने बच्चों के नाम पांच लाख की एफडी कराने का आश्वासन दिया है।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

ज़्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# भाईदूज पर जेल पर उमड़ा स्नेह व प्यार का उमड़ा सैलाब, बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर मांगी लंबी उम्र की दुआ

## जेल में 694 बंदियों से 1005 महिलाएं एवं 440 पहुंचे बच्चे

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। दीपावली के बाद मनाया जाने वाला भाई-बहन के अटूट प्रेम का पर्व भाई दूज आज पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । इस अवसर पर बरेली केंद्रीय कारागार के बाहर सुबह से ही बड़ी संख्या में बहनें अपने भाइयों को तिलक करने के लिए लाइन में अपनी वारी का इंतज़ार करने के बाद बहनों ने कारागार परिसर में जाकर भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं, भाइयों ने भी उपहार देकर बहन के स्नेह का प्रत्युत्तर दिया। भाई-बहन के स्नेह का यह त्यौहार दीपावली की श्रृंखला का अंतिम पर्व माना जाता है, जो रिश्तों में अपनापन और प्रेम का संदेश देता है। इस अवसर पर जेल प्रशासन ने विशेष इंतज़ाम किए। बहनों के लिए जलपान, बैठने, पानी और प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था की गई। जेल में 694 बंदी से मिलने 1005 महिलाएं और 440 बच्चे मिलने आए सेंट्रल जेल अधीक्षक विपिन मिश्रा ने बताया कि शासन के निर्देश पर भाई दूज के अवसर पर जेल में आने वाली बहनों के लिए सभी आवश्यक सुविधाओं का इंतज़ाम किया गया है, ताकि वे शांतिपूर्ण वातावरण में अपने भाइयों से मिलकर भैयादूज कर उनको मीठा मुंह कराया।




# भाजपा प्रदेश संगठन में नई नियुक्तियां, सुरेन्द्र शर्मा शिवपुरी बने प्रदेश उपाध्यक्ष

क्यूँ न लिखूँ सच / राजकुमार शर्मा (कटारे) शिवपुरी, ब्यूरो। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय श्री जगत प्रकाश नड्डा जी की सहमति से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत खंडेलवाल ने प्रदेश पदाधिकारियों की नई टीम की घोषणा की है। इस नई टीम में प्रदेशभर के वरिष्ठ एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं को शामिल किया गया है। घोषित सूची के अनुसार शिवपुरी के श्री सुरेन्द्र शर्मा को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। उनके साथ अन्य उपाध्यक्षों में रणवीर सिंह रावत, कांतिलाल सिंह, प्रभुराम चौधरी, शैलेन्द्र बख्शा, मनीषा सिंह, संदीप पाठक, प्रदीप राय, और प्रमुलाल जाटव शामिल हैं। महामंत्री पद पर लता वानखेड़े, सुरेश सोनी, राहुल चकोले (जैन) और गौरव रणदीव की नियुक्ति की गई है। वहीं मंत्री पद पर रजनीश अग्रवाल, लोकेंद्र पराशर, जयदीप पटेल, बिपिन भट्ट, संगीता सोनी, राजेन्द्र सिंह, अर्चना सिंह, सुशी राजो मालवीय और बबीता परमार को जिम्मेदारी सौंपी गई है। कोषाध्यक्ष के रूप में आदित्य जैन, कार्यालय मंत्री के रूप में श्याम महानंद, और मीडिया प्रभारी के रूप में आशीष उषा अग्रवाल की नियुक्ति की गई है। इसके अलावा विभिन्न मोर्चों के अध्यक्षों की भी घोषणा की गई है किसान मोर्चा = जयपाल सिंह चावड़ा,युवा मोर्चा = भगवान सिंह परमार,एससी मोर्चा = पंकज टेंकम,पिछड़ा मोर्चा = पवन पाटीदार प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि यह नई टीम संगठन को और अधिक सशक्त करेगी तथा भाजपा की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएगी। यह सभी नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होंगी।



# युवक के साथ रह रही युवती ने फंदा लगाकर दी जान

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। किला थाना क्षेत्र में छावनी में कालीधाम मंदिर के पास दो माह से आलोक मिश्रा नाम के युवक के साथ सहमति संबंध (लिव-इन रिलेशन) में रह रही पूजा मिश्रा (28) ने बुधवार को फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस को मौके से मिले सुसाइड नोट में पूजा ने आलोक मिश्रा को अपनी आत्महत्या का जिम्मेदार ठहराया है। पुलिस आलोक की तलाश कर रही है। किला पुलिस के मुताबिक छावनी में कालीधाम मंदिर के पास पूजा मिश्रा और आलोक मिश्रा रमेश चंद्र के मकान की तीसरी मंजिल पर किराये पर रह रहे थे। बुधवार शाम को करीब साढ़े चार बजे रमेश के परिवार से एक बच्चा पूजा को चाय देने गया तो कमरे में उसका शव फंदे से लटका हुआ था। इसकी सूचना पाकर एएसपी सोनाली मिश्रा और किला इंस्पेक्टर मौके पर पहुंचे। मकान मालिक रमेश ने पुलिस से कहा कि आलोक ने खुद को पीलीभीत का रहने वाला बताया था। पुलिस के मुताबिक पूजा के कमरे में खाना बना हुआ मिला है। उसमें से थोड़ा सा खाना खाया गया है और बाकी वैसे ही रखा हुआ था। आलोक सुबह से कमरे पर नहीं आया था और न किसी ने उसे देखा। इसे लेकर आशंका है कि खाना खाने के दौरान विवाद हुआ होगा और आलोक चला गया होगा। इसके बाद पूजा ने आत्महत्या की। एएसपी सोनाली मिश्रा ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। महिला दिल्ली की रहने वाली है और उसका सुसाइड नोट मिला है। महिला के परिजनों से संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है।

# चकबंदी लेखपाल का शव कमरे में मिला

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बहेड़ी। चकबंदी लेखपाल का शव किराये के मकान में पड़ा मिला। प्रारंभिक जांच में अत्याधिक शराब पीने से लेखपाल की मौत होने की बात सामने आई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बिजनौर जिले के नगीना सादात में रहने वाले 53 वर्षीय लेखपाल ईमन चंद पुत्र नंद राम बहेड़ी तहसील में चकबंदी लेखपाल के पद पर तैनात थे। वह बहेड़ी में मोहल्ला गौटिया सिंह में लोकेश कुमार के मकान में अकेले किराये पर रहते थे। बुधवार दोपहर वह अपने कमरे में मृत अवस्था में पड़े मिले। मकान मालिक ने उन्हें मृत पड़ा देखकर सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने चकबंदी लेखपाल के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मृतक के घर सूचना दी, इस पर परिजन रोते बिलखते बहेड़ी पहुंच गए। प्रारंभिक जांच में पुलिस को पता चला है कि चकबंदी लेखपाल कई दिन से लगातार शराब पी रहे थे। ज्यादा शराब पीने से उनकी मौत हो गई। मृतक की पत्नी शिक्षिका है। उनके दो बेटे हैं, जो एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे हैं। चकबंदी लेखपाल का शव किराये के मकान में मिला है। प्रारंभिक जांच में मौत की वजह अत्याधिक शराब का सेवन करना सामने आई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही आगे की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। - संजय तोमर, प्रभारी निरीक्षक बहेड़ी

# मिलीभगत से कैश मशीन बनी मनरेगा योजना, कही फर्जी उपस्थिति तो कही चंद श्रमिक ही कर रहे कार्य

क्यूँ न लिखूँ सच / अरविंद कुमार / पीलीभीत सरकार की महत्वाकांक्षी मनरेगा योजना अब जिम्मेदारों के लिए कैश मशीन बनती हुई नजर आ रही है। रोजगार सेवक, ग्राम प्रधान एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारियों की मिली भगत के चलते मनरेगा योजना से अपनी संपत्तियों बनाने में जुटे हुए हैं। यहां तक की इन सब फर्जीवाड़ों के लिए मास्टर रोल भी बखूबी से जारी किए जा रहे हैं। ताजा मामला विकासखंड पुरनपुर के ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजनान्तर्गत प्रतिदिन लूट-मार जारी हैं। कही सिर्फ कुछ श्रमिकों को लगाकर खानापूर्ति की जा रही है? और कही मस्टररोल जारी करा कर बिना कार्य कराये ही 61 श्रमिकों की उपस्थिति दर्ज की जा रही है। विकासखंड की ग्राम पंचायत लालपुर ता माधौटांडा में कढ़ेराम के खेत से नहर तक चकमार्ग पर मिट्टी का कार्य कराया जा रहा है जहां सिर्फ़ 28 श्रमिक ही मौके पर कार्य करते नजर आये लेकिन रोजगार सेवक द्वारा 8 मस्टररोल में 75 श्रमिकों की उपस्थिति दर्ज कर दी गई। वही ग्राम पंचायत ग्रांट नंबर 1 ऊर्फ बानगंज में पाजू सिंह के खेत से फौजा सिंह के खेत तक चकमार्ग पर मिट्टी कार्य कराया जा रहा है। जो कि सिर्फ कागजों में सिमटा नजर आ रहा है। जहां धरातल पर कोई भी कार्य नहीं हो रहा हैं और ना हीं कोई श्रमिक कार्य करता हुआ दिखाई दिया। रोजगारसेवक प्रतिदिन जारी किये गये 7 मस्टररोल में 65 श्रमिकों की फर्जी उपस्थिति दर्ज कर सरकारी धन को खूब नुकसान पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। इस संबंध में जब अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी पूरनपुर आदर्श कुमार वर्मा से संपर्क करने की कोशिश की गई तो उनके द्वारा फोन नहीं रिसीव किया गया। ऐसे में यह कहना कोई दोहराय नहीं अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी ने रोजगार सेवकों को अपना कमाऊ पूत बनकर उनको अपना मौन समर्थन दे रखा है।



## उत्साह और सादगी साथ मनाई गई भाई दूज

# भाइयों ने बहनों को दिया हर सुख-दुख में साथ निभाने का वचन

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। भाई-बहन के प्यार का प्रतीक भैयादूज पर्व गुरुवार को धूमधाम से मनाया गया। बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक कर उनके दीर्घायु होने की कामना की। त्योहार को लेकर जितना उत्साह बहनों में दिखा, उतना ही भाइयों में भी देखने को मिला। बहनों ने शुभ मुहूर्त में मंगल तिलक लगाने के बाद भाइयों को मिष्ठान और गोला भेंट किया। बदले में भाइयों ने भी बहनों को उपहार देकर उनके हर सुख-दुख में साथ निभाने का वचन दिया। भैयादूज को लेकर सुबह से ही घरों में तैयारियां शुरू हो गईं। भैयादूज के लिए गोवर्धन पूजा वाले स्थान पर ही चौक पूरने की परंपरा है। उसी स्थान पर बहनें अपने भाइयों को आसन पर बैठाकर उनका तिलक करती हैं। ससुराल से बहनें सुबह जल्दी ही भाई के घर जाने के लिए निकलने लगीं। तमाम भाई भी तिलक कराने के लिए अपनी बहनों के घर पहुंचे। इस वजह से शहर के प्रमुख मार्गों के साथ ही रोडवेज बस अड्डों और रेलवे स्टेशन पर भारी भीड़भाड़ रही। भैयादूज पर्व को लेकर जेल में भी विशेष इंतजाम किए गए। विभिन्न मामलों में जेल में बंद अपने भाइयों का तिलक करने के लिए बहनें सुबह से ही जेल के बाहर लाइन में लग गई। बहनों ने धीरज के साथ अपनी बारी का इंतजार किया और फिर भाइयों को तिलक कर उनकी दीर्घायु की कामना की। भाइयों से मिलकर कई बहनें भावुक भी हो उठीं। उनके आंसू छलकने लगे।



## अधूरी रह गई आयुषी की ये हसरत...पड़ोसियों ने विनायक को मार डाला; भाजपा नेता के भतीजे की हत्या की ये थी वजह

भाजपा नेता के भतीजे विनायक की हत्या के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दो अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। बाइक खड़ी करने को लेकर हुए विवाद के बाद आरोपियों ने विनायक और उसके भाई पर हमला कर दिया था। उधर, भाई दूज के दिन विनायक के परिजनों के आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। मुरादाबाद के कटघर थानाक्षेत्र में भाजपा नेता अनुराग सिंह के भतीजे विनायक सिंह (17) की हत्या करने के आरोपी विशाल उर्फ पुले कौशिक और आकाश रावत उर्फ सोना को गिरफ्तार कर लिया। मामले में अन्य दो आरोपी अभी पुलिस के हाथ नहीं आए हैं। उधर, छोटे बेटे विनायक की हत्या के बाद से पूरे परिवार का रो रोकर बुरा हाल है। आयुषी हर साल अपने भाइयों का तिलक कर भैयादूज मनाती थी लेकिन इस बाद छोटे भाई को भैयादूज पर तिलक करने की हरकत अधूरी रह गई। भाजपा के पूर्व क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग सिंह का परिवार शहर के कटघर बीच छोटा छत्ता मोहल्ले में रहता है।उनके के बड़े भतीजे अभिषेक सिंह ने पड़ोस में रहने वाले विशाल उर्फ पुले कौशिक, उसके भाई अनंत कौशिक, चाचा अनिल शर्मा और आकाश रावत उर्फ सोना के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कराया है जिसमें अभिषेक ने बताया कि मंगलवार दोपहर विशाल से रास्ते में बाइक खड़ी करने को लेकर उनका विवाद हो गया था।इस विवाद में आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी थी। उस वक्त मामला शांत हो गया था लेकिन मंगलवार की शाम सात बजे आरोपी ने फिर से गाली गलौज शुरू कर दी। इसी दौरान वहां अभिषेक का छोटा भाई विनायक आ गया।उसने गाली गलौज का विरोध किया तो विशाल ने अपने भाई अनंत, चाचा अनिल शर्मा और आकाश रावत को बुला लिया। आरोपियों ने दोनों भाइयों के साथ मारपीट की और चाकू से हमला कर विनायक की हत्या कर दी। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि आरोपी आरोपी विशाल कौशिक उर्फ पुले कौशिक और आकाश रावत उर्फ सोना को गिरफ्तार कर लिया हैं। दो आरोपी अनिल शर्मा और अनंत कौशिक की तलाश की जा रही है। भाजपा नेता अनुराग सिंह के बड़े भाई पवन कुमार सिंह के परिवार में उनकी पत्नी नीलम, बेटी आयुषी और बड़ा बेटा अभिषेक सिंह हैं। चाकू के एक वार से फट गया था लिवर कटघर थाने की पुलिस ने बुधवार को विनायक के शव का पोस्टमार्टम कराया। दो डॉक्टरों के पैनल ने पोस्टमार्टम किया। बुधवार शाम आई रिपोर्ट से पता चला कि विनायक के शरीर पर चाकू से एक वार किया गया था जिससे उसका लिवर फट गया और पेट में खून बह गया था। इससे उसकी मौत हो गई थी।



प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

### थाना डिलारी पुलिस द्वारा वाछित चल रहे अभियुक्त को किया गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच / डिलारी = मुरादाबाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार NBW/ वारंटीयों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत न्यायालय से फरार चल रहे थाना क्षेत्र के 01 वारण्टी की गिरफ्तारी की गयी।अभियुक्त वारण्टी मौ0 नाजिम पुत्र मौ0 उमर निवासी ग्राम ढकिया पीरू थाना डिलारी जनपद मुरादाबाद का निवासी है। अभियुक्त वारण्टी मौ0 नाजिम पुत्र मौ0 उमर निवासी ग्राम ढकिया पीरू थाना डिलारी जनपद मुरादाबाद सम्बन्धित वारण्ट परिवाद संख्या 65/2019 धारा 138 एनआई एक्ट सम्बन्धित न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट ठाकुरद्वारा को । अभियुक्त नाजिम पुत्र मौ0 उमर निवासी ग्राम ढकिया पीरू थाना डिलारी जनपद मुरादाबाद को मा0 न्यायालय के समक्ष में पेश किया गया ।



### डिलारी धूमधाम से मनाया जा रहा भाई दूज पर्व

क्यूँ न लिखूँ सच / मुरादाबाद। बहन-भाई के अटूट प्रेम का प्रतीक भाई दूज पर्व गुरुवार को जिलेभर के साथ साथ डिलारी में हर्षोल्लास के साथ बहन-भाई के अटूट प्रेम का प्रतीक भाई दूज पर्व गुरुवार को जिलेभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक कर उनकी लंबी आयु की कामना की। भाइयों ने भी बहनों को उपहार भेंट कर उनकी रक्षा का संकल्प लिया। गुरुवार सुबह से जिले में भाई दूज पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। घरों में इस पर्व की धूम शुरू हो गई है। बहनें अपने भाइयों को तिलक लगाकर उनकी लंबी आयु की कामना कर रही हैं और भाइयों की ओर से उन्हें उपहार भेंट किए जा रहे हैं। परंपरा के अनुसार बहनों ने भाइयों को तिलक लगाने के बाद नारियल आदि भी दिए।परिवार के जहां बड़े सदस्यों ने इस पर्व की परंपरा को निभाया वहीं छोटे-छोटे बच्चों पर भी इस पर्व का रंग खूब देखा गया। बाजारों में भी चलह पहल देखी जा रही है। विशेषकर मिठाई व उपहार की दुकानों पर लोगों की भीड़ रहेगी। मिठाइयों की जमकर खरीददारी की जा रही है।




### रेलवे ने किया स्वच्छता अभियान का दूसरा चरण शुरू

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल पर स्वच्छता अभियान का दूसरा चरण 31 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है। मंडल रेल प्रबंधक इज्जतनगर वीणा सिन्हा के मार्गदर्शन में पर्यावरण एवं गृह व्यवस्था प्रबंधन (ई.एन.एच.एम.) विभाग तथा सभी संबंधित विभागों के सहयोग से मंडल पर ''स्वच्छ परिसर'' थीम पर रेलवे स्टेशनों, कर्मचारी कॉलोनियों परिसंचारी क्षेत्रों और सार्वजनिक उपक्रम सहित सभी रेलवे परिसरो में सफाई और अपशिष्ट पद्वार्थो प्रबंधन तथा विभिन्न स्वच्छता से संबंधित गतिविधियाँ आयोजित की गई। जिसके अंतर्गत यात्रियों के बीच सामूहिक जिम्मेदारी एवं पर्यावरण के प्रति स्वच्छता जागरुकता को आगे बढ़ाने के लिए रेलवे कर्मचारियों, यात्रियों, विक्रेताओं और स्थानीय निवासियों की सक्रिय भागीदारी पर जोर दिया गया। मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों यथा काठगोदाम, हल्द्वानी, लालकुआं, काशीपुर, रुद्रपुर सिटी, बरेली सिटी, पीलीभीत, कासगंज, फर्रुखाबाद जंक्शन फतेहगढ़ तथा कन्नौज के स्टेशन परिसर, और यात्री सुविधाओं में सुधार कर कार्यालयों, रेलवे कॉलोनियों, कार्यशालाओं, डिपों, रनिंग रुमों, छात्रावासों और अस्पतालों सहित सभी रेलवे परिसरों में स्वच्छता मानकों में स्पष्ट और ठोस सुधार लाने हेतु गहन साफ-सफाई की गई। जल भराव व दुर्गंध को कम करने के उद्वेश्य से स्टेशन परिसर के अन्दर व बाहर खुली व ढकी नालियों को साफ किया गया। इसके अतिरिक्त सभी प्रकार के कुड़ेदानों को निर्धारित स्थान पर रखने एवं अच्छी तरह से साफ-सफाई और कीटाणुरहित किया गया।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# छोटी उम्र मोहम्मद सैफ बने हाफिज-ए-कुरान:कुरान मुकम्मल कर वालिद-वालिदा का नाम किया रोशन

क्यूँ न लिखूँ सच / मोहम्मद सलीम/ पीलीभीत के क़स्बा न्यूरिया हुसैनपुर में मां बाप की अच्छी परवरिश और बच्चों का दीन से लगाव आज उन्हें इस मुकाम तक लाया है। बेहद कम उम्र में कुरान मुकम्मल कर वालिद-वालिदा सहित खानदान का नाम रोशन कर दिखाया हाफिज-ए-कुरान मुकम्मल होने पर खुशी का माहौल है जानकारी के अनुसार मंगलवार न्यूरिया के मोहल्ला मियाँ खान के निवासी मोहम्मद यासीन के मोहम्मद सैफ (13) ने तीन वर्ष मेहनत कर कुरान मुकम्मल कर लिया। हाफिज-ए-कुरान होने पर मौलाना ने दुआ कराई। दुआ में शामिल हुए सभी लोगों ने बच्चे की उम्र में बरकत व तरक्की के लिए दुआ की। इस मौके पर मिठाई खिलाकर मोहम्मद सैफ को मुबारकबाद दी। उन्होंने कहा की बच्चे के कुरान हाफिज होने पर उनको



बेहद खुशी हो रही है। उन्होंने कहा की जो बच्चे दीन से भटके हुए हैं। उनको दीन अपने दिल में बसा लेना चाहिए दुनियावी तालीम के साथ दीनी तालीम भी बेहद जरूरी है। इस मौके पर फूफा फैय्याज अहमद, भाई फैज़,भाई मोहम्मद फईम,भाई नईम,भाई वसीम, फैय्याज दुकानदार, अफजाल अहमद, अनवार हुसैन, अनस,अदनान,अब्दुला, मोहम्मद अहमद आदि लोग शमिल रहे।

# पीलीभीत-हरिद्वार नेशनल हाईवे पर बस पलटने से युवती की मौत, 20 से ज्यादा तीर्थयात्री घायल।

क्यूँ न लिखूँ सच / अरविंद कुमार / -बुधवार तड़के करीब 3ः20 बजे पीलीभीत के कोतवाली जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम बिसेन अप्सरा नदी के पास बरेली-हरिद्वार हाईवे पर एक प्राइवेट बस अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। बस बरेली के चोपला से 55-60 तीर्थयात्रियों को लेकर गिरिजा देवी और हनुमान धाम दर्शन कराने नानकमत्ता गई थी और रात में लौटते



समय यह हादसा हुआ। हादसे में बरेली के मढ़ीनाथ चौपला निवासी 18 वर्षीय दुर्गा की गाड़ी में दबकर मौके पर मौत हो गई। बस में सवार 20 से अधिक लोग घायल हुए, जिनमें से कई की हालत गंभीर है। घायलों को जहानाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टर सौरभ गंगवार ने 21 घायलों का इलाज किया और सात को जिला अस्पताल पीलीभीत रेफर कर दिया। दुर्घटना के बाद बस में चीख-पुकार मच गई, महिलाएं अपने मासूम बच्चों को सकुशल देख चूम रही थीं। सूचना पर थाना जहानाबाद प्रभारी निरीक्षक प्रदीप बिश्नोई पुलिस बल के साथ पहुंचे और घायलों को अस्पताल भेजा। सहायक पुलिस अधीक्षक नताशा गोयल ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और सीएचसी में घायलों का हाल जाना। हादसे से हाईवे पर 1 किमी लंबा जाम लग गया, जिसे पुलिस ने एक घंटे में साफ किया। अज्ञात कारणों से हुई इस दुर्घटना की जांच जारी है।

# पीलीभीत जहानाबाद: नेशनल हाईवे पर ट्रक की टक्कर से बरातबोझ के अमित कुमार की दर्दनाक मौत, परिवार में कोहराम मच गया।

क्यूँ न लिखूँ सच / अरविंद कुमार / पीलीभीत जनपद के थाना जहानाबाद क्षेत्र में हरिद्वार-सितारगंज-पीलीभीत नेशनल हाईवे एक बार फिर युवक के खून से लाल हो गया। ग्राम बरातबोझ



निवासी अमित कुमार पुत्र ओंकार गुरुवार सुबह करीब 4ः30 बजे अपने खेत पर जाने के लिए घर से निकले थे। इंडियन राइस मिल के पास अमन धर्म कांटा के सामने पहुंचते ही एक अज्ञात ट्रक ने उनके डनलप वाहन को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अमित की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। ट्रक चालक दुर्घटना के बाद वाहन लेकर फरार हो गया। सूचना मिलते ही थाना जहानाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और सड़क पर बिखरे अमित के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पीलीभीत जिला अस्पताल भेज दिया। डनलप वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे हादसे की भयावहता का अंदाजा लगाया जा सकता है। पुलिस अज्ञात ट्रक की तलाश में सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है। अमित अपने पिता का एकलौता पुत्र था। उसकी शादी सूरजमुखी से हुई थी और एक 3 वर्षीय मासूम बेटी थी। मौत से पत्नी, बेटी, माता-पिता और दो विवाहित बहनों पर दुःख का पहाड़ टूट पड़ा। घर पर कोहराम मच गया, परिजन फूट-फूटकर रो रहे हैं। अमित एक मेहनती किसान थे, जिनकी मौत से पूरा गांव शोकाकुल है। यह हादसा सुबह के अंधेरे में हाईवे पर लापरवाही भरी ड्राइविंग को फिर उजागर करता है, जहां तेज रफ्तार और ओवरटेकिंग जानलेवा साबित हो रही है। पुलिस ने मामला की जांच शुरू कर दी है।

# पुलिस अधीक्षक एवं जिलाधिकारी के साथ आगामी ऐतिहासिक राजकीय तिगरी मेला स्थल,का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये

क्यूँ न लिखूँ सच / ताज मलिक / अमरोहा/ उत्तर प्रदेश अवगत कराना है कि आज दिनांक 23.10.2025 को पुलिस उपमहानिरीक्षक मुरादाबाद परिक्षेत्र, मुरादाबाद श्री मुनिराज जी द्वारा पुलिस अधीक्षक अमरोहा श्री अमित कुमार आनंद व जिलाधिकारी अमरोहा श्रीमती निधि गुप्त वत्स के साथ आगामी ऐतिहासिक राजकीय तिगरी मेले को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु मेला स्थल का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये । निरीक्षण के दौरान महोदय द्वारा श्रद्धालुओं के सुगम व सुरक्षित आवागमन हेतु यातायात व्यवस्था को दुरूस्त रखने हेतु प्रभारी यातायत को निर्देशित किया गया । साथ ही मेले में गंगा नदी के किनारे बनाये जाने वालो घाटों पर उचित प्रकाश की व्यवस्था हो ताकि श्रद्धालुओं को स्नान करने में समस्या ना हो और किसी भी समय स्नान कर सके । सीसीटीवी लगाकर सतर्क दृष्टि रखने व ड्रोन कैमरा की मदद से निगरानी कराये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया । असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाये तथा किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न करने वाले के प्रति वैधानिक कार्यवाही की जाये । इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अमरोहा, मुख्य विकास अधिकारी, क्षेत्राधिकारीगण आदि मौजूद रहे ।

# भैया दूज पर न्यूरिया में दिखा भाई-बहन के स्नेह का अद्भुत संगम

क्यूँ न लिखूँ सच / न्यूरिया। नगर व ग्रामीण अंचलों में गुरुवार को भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक भैया दूज पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। बहनों ने पारंपरिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भाइयों के दीर्घायु व सुखमय जीवन की कामना की। दीपोत्सव के बाद भैया दूज पर बाजारों में दिनभर रौनक रही। बहनों ने कपड़े व सौंदर्य प्रसाधन खरीदे, जबकि भाइयों ने बहनों के लिए उपहार लिए। कई महिलाओं ने हाथों में मेहंदी रचाई। मिठाई की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ उमड़ी और नारियल गोले के दामों में बढ़ोतरी दर्ज की गई। ग्रामीण क्षेत्रों में भी सुबह से ही उल्लास का माहौल रहा। बहनों ने स्नान-पूजन के बाद भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर आरती उतारी और दीर्घायु की कामना की। भाइयों ने भी उपहार देकर बहन के स्नेह का मान रखा। स्थानीय महिलाओं ने बताया कि भैया दूज केवल एक रस्म नहीं, बल्कि भाई-बहन के रिश्ते को मजबूत करने वाला त्योहार है। यह परंपरा वर्षों से सामाजिक एकता और पारिवारिक स्नेह को जीवित रखे हुए है।

# उगनपुर मरौरी में साफ-सफाई की हालत बदतर, कार्यकत्री आरती नहीं कर रहीं काम – ग्राम प्रधान पिंटू और सचिव मुकेश राणा पर उठे सवाल

क्यूँ न लिखूँ सच / अरविंद कुमार / विकासखंड बीसलपुर की ग्राम पंचायत उगनपुर मरौरी में साफ-सफाई की व्यवस्था पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो चुकी है। गांव की सफाई कार्यकत्री आरती लंबे समय से अपने कार्यों का निर्वहन नहीं कर रही हैं, जिसके चलते गलियों और सड़कों पर गंदगी का अंबार लगा हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव की कई सड़कों की हालत बेहद खराब है। जगह-जगह कीचड़ और गड्ढे होने से लोगों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इन समस्याओं पर जब पत्रकारों ने ग्राम प्रधान पिंटू और ग्राम पंचायत सचिव मुकेश राणा से बात करने की कोशिश की, तो दोनों ने फोन कॉल रिसीव करना भी उचित नहीं समझा। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी




इसी तरह लापरवाह बने रहे, तो गांव की स्थिति और भी खराब हो जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

# धूमधाम से मनाया भाई बहन के स्नेह का भैया - दूज

क्यूँ न लिखूँ सच / लवकुश ठाकुर/ अलीगढ भाई बहन के स्नेह का पर्व भैया दूज परंपरागत तरीके से मनाया गया बहनों ने भाइयों के माथे का तिलक और मिठाई खिलाकर अपने भाइयों की उम्र दराज की कामना की ! भाइयों ने बहनों के पैर छूकर आशीर्वाद लिया और अच्छा हेतु वचन दिया ! बहन सुबह जल्दी उठकर तैयारी में जुट गई !



मिठाई कपड़े और उपहार की खरीदारी के लिए रेलवे रोड सराफा बाजार, रामघाट रोड सेंटर पॉइंट ,पनैठी,सहित और बाजार में देर रात तक चेहरे पर रही! वैसे तो लोग पर्व से एक दिन पहले ही घर चले गए थे! और जो रह गए थे ! सुबह बहनों से तिलक करा ने के लिए बहनों के घर पहुंचे ट्रेनों में सीट के लिए मारामारी, बसों में भी भीड़ बहुत ज्यादा दिखाई दे रही थी ! भाइयों को गोला पर टीका करती है! बह बहने भैया दूज पर मिठाई के साथ बहने अपने भाइयों को गोला पर टिका कर भेंट करती हैं जो बहने किसी कारण बस भाइयों के पास नहीं पहुंच पाती है वह गोला पर टिका कर अपने पास रख लेती है! और बाद में भाइयों को भेंट करती हैं इसके चलते मेवा और परचून की दुकानों पर गोला खरीदने वालों की भीड़ रही ! साथ दूर दराज जाने वाली बहनों में पहले ही मिठाई की खरीदारी कर ली भाइयों ने भी बहनों को उपहार स्वरूप दी जाने वाले परिधानो की खरीदारी की !

# दो वांछितों किए गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच / लवकुश ठाकुर/ अलीगढ़ अकराबाद = कोतवाली पुलिस ने कोर्ट में हाजिर न होने पर दो वांछित अंकित पुत्र अर्जुन सिंह, अजीत कुमार पुत्र जगदीश निवासी जल्लूपुर सेहौर को असगरपुर कट के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों को कोर्ट के समक्ष पेश किया है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# तिगरी मेला: सीसीटीवी और ड्रोन से होगी निगरानी, डीआईजी ने परखी व्यवस्था, गंगा तट पर बसने लगी तंबुओं की नगरी

अमरोहा में लगने वाले तिगरी मेले की तैयारियां तेज हो गई हैं। डीआईजी मुनिराज जी, डीएम निधि गुप्ता वत्स और एसपी अमित कुमार आनंद ने मेला स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की यातायात व्यवस्था को पर पूरा करने के निर्देश दिए। सीसीटीवी कैमरों से होगी, की जाएगी। त्योहारी सीजन तैयारियों ने जोर पकड़ लिया को तेजी के साथ पूरा किया डीआईजी ने भी तिगरी लिया। इस दौरान उन्होंने शेष करने के निर्देश दिए।मेले की डीआईजी मुनिराज जी को अमित कुमार आनंद के साथ लेते हुए डीआईजी ने कहा के पहुंचने की संभावना है। गई है। कहा कि मेला स्थल



समीक्षा की। डीआईजी ने सुरक्षा और मजबूत बनाने तथा सभी कार्य समय मेला परिसर की निगरानी ड्रोन और जबकि पुलिस और पीएसी की तैनाती बीतने के साथ ही तिगरी मेले की है। मेले की बुनियादी व्यवस्थाओं जा रहा है। वहीं, बृहस्पतिवार को पहुंचकर मेले की तैयारियों का जायजा रह गए कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण तैयारियों को परखने के लिए डीएम निधि गुप्ता वत्स व एसपी तिगरी पहुंचे। तैयारियों का जायजा कि इस बार भारी संख्या में श्रद्धालुओं इसलिए फोर्स की संख्या भी बढ़ाई पर स्टंटबाजी या खुराफाती कार्य करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।पूरे मेला परिसर की ड्रोन व सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। यातायात और पार्किंग के लिए इस तरह कार्ययोजना बनाएं कि आमजन को कोई परेशानी न उठानी पड़े। उन्होंने समय रहते सभी व्यवस्थाओं को पूरा करने के निर्देश दिए। डीएम निधि गुप्ता वत्स ने बताया कि गंगा के जलस्तर पर नजर रखी जा रही है। श्रद्धालुओं को सुरक्षित घाट उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने सड़कों के कार्यों का निरीक्षण करते हुए तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। बताया कि मेला पुलिस कोतवाली बनकर लगभग तैयार हो चुकी है। सभी सेक्टर में पेयजल आपूर्ति और प्रकाश की व्यवस्था को दुरूस्त करने के निर्देश दिए। बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम, दीपदान स्थल और रंगोली स्थल भी चिन्हित कर लिए गए हैं। एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि मेले में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। पुलिस के साथ-साथ पीएसी भी तैनात रहेगी। सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। ड्रोन कैमरों के माध्यम से भी नजर रखी जाएगी। यातायात व्यवस्था को सुचारू रखा जाएगा ताकि श्रद्धालुओं और आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्रा, मेला नोडल अधिकारी व एडीएम वित्त व राजस्व गरिमा सिंह, एएसपी अखिलेश भदौरिया, एडीएम न्यायिक धीरेंद्र प्रताप, मेला मजिस्ट्रेट व एसडीएम मंडी धनौरा विभा श्रीवास्तव समेत पीडब्ल्यूडी व जल निगम समेत सभी संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। तिगरी मेले में लोगों के लिए परेशानी का सबब बनेगा नाला तिगरी मेले में गंगा किनारे का नाला श्रद्धालुओं की परेशानी का सबब बनेगा। स्नान के लिए गंगा किनारे पहुंचने में दिक्कत सामने आएगी। इस बार गंगा द्वारा मेला स्थल का काफी कटान किया जाने के कारण इस बार तिगरी मेले का स्वरूप बदल गया है जहां पिछले साल मेला गंगा की रेती में लगा था, वहीं इस बार पक्की भूमि पर बस रहा है। इसके अलावा मेला करीब 600 मीटर उत्तर दिशा में लग रहा है। मेले में स्नान करने आने वाले श्रद्धालुओं को शिविर लगाने के लिए पर्याप्त भूमि मिल जाए। प्रशासन का इस पर जोर है। इसी कारण मेला स्थल पर खड़ी करीब 900 बीघे गन्ने की फसल को कटवाया जा रहा है। अधिकांश फसल काटी जा चुकी है। मगर श्रद्धालुओं के लिए सबसे परेशानी का सबब किनारे का नाला बनेगा। इस नाले के कारण श्रद्धालुओं को स्नान घाट तक पहुंचने में दिक्कत आएगी।

## ग्रामीण युवाओं के लिए 62वीं वाहिनी एसएसबी द्वारा कैरियर परामर्श एवं भर्ती जागरूकता अभियान

क्यूँ न लिखूँ सच / प्रेमचंद जायसवाल / श्रावस्ती 62वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, भिनगा के दिशा-निर्देशन में सीमा चौकी गुज्जरगौरी, तरुस्मा एवं ककरदरी द्वारा अपने-अपने कार्यक्षेत्र के विद्यालयों में छात्र-छात्राओं एवं बेरोजगार युवाओं हेतु कैरियर परामर्श एवं केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में भर्ती हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण अंचलों के युवाओं में रोजगार के अवसरों के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में सेवा करने की प्रेरणा देना था। कार्यक्रम के दौरान एसएसबी के जवानों ने छात्रों एवं युवाओं को भर्ती प्रक्रिया, आवश्यक शैक्षणिक योग्यता, शारीरिक मानक, चयन की विभिन्न चरणबद्ध परीक्षाओं तथा बल में उपलब्ध कैरियर संभावनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर ग्रामीणों एवं विद्यालय के अध्यापकों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए युवाओं को ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों में भाग लेने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में सीमा चौकी प्रभारी ने उपस्थित युवाओं से अनुशासन, नशामुक्त जीवन एवं राष्ट्र सेवा की भावना को अपनाने का आह्वान किया।



## रसौकी गांव में जंगली हाथियों ने मचाया उत्पात – किसानों की मेहनत पर फिरा पानी, फसल रौंदीज्वन विभाग की टीम ने की देर रात निगरानी

क्यूँ न लिखूँ सच / सूरजपुर। जिले के चांदनी बिहारपुर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान पार्क परिक्षेत्र के रसौकी गांव में बुधवार की रात जंगली हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। करीब 10 से 12 हाथियों का दल गांव में घुस आया और किसानों की खड़ी धान की फसल को पूरी तरह रौंद डाला। रातभर गांव में अफरातफरी और दहशत का माहौल बना रहा। ग्रामीणों के अनुसार, हाथियों के इस फसल खाकर नसकान पहुंचा है किसानों महेन्द्र सिंह, नरेन्द्र सिंह, उपेन्द्र सिंह, धर्मपाल सिंह और अजय प्रताप सिंह की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई है। किसानों ने बताया कि यह वही फसल थी जिससे पूरे साल परिवार की जीविका चलती थी। अब इन गरीब किसानों के सामने दोहरी मार पड़ी है – एक तरफ फसल की बर्बादी, दूसरी तरफ केसीसी ( किसान क्रेडिट कार्ड ) लोन की अदायगी का संकट। कई किसानों ने समिति मोहरसोप से कर्ज लेकर खेती की थी, अब जब फसल ही नष्ट हो गई, तो लोन चुकाने की चिंता ने सबकी नींद उड़ा दी है। ग्रामीणों ने बताया कि यह इलाका गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान के सटे वन क्षेत्र में आता है, जहां से हाथियों का दल आए दिन गांवों में पहुंच रहा है।हालांकि बुधवार की रात वन विभाग एवं राष्ट्रीय उद्यान की टीम मौके पर पहुंची और देर रात तक हाथियों की गतिविधियों की निगरानी करती रही। टीम ने ग्रामीणों को सावधानी बरतने की हिदायत दी और हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ने का प्रयास किया। ग्रामीणों ने बताया कि अगर हाथियों को नियंत्रित नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में जनहानि की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। लोगों ने जिला प्रशासन से मुआवजा दिलाने और प्रभावित किसानों को तत्काल सहायता राशि देने की मांग की है।



## खोहीर गांव में सोलर पावर प्लांट ठप, महीनों से अंधेरे में ग्रामीण – चांदनी बिहारपुर के पहाड़ी अंचल में जंगली हाथियों का बढ़ा खतरा

क्यूँ न लिखूँ सच / चांदनी बिहारपुर। जिले के दूरस्थ एवं पहाड़ी अंचल क्षेत्र चांदनी बिहारपुर के ग्राम पंचायत खोई के खोहीर गांव में आकाशीय बिजली गिरने से लगा 10 किलोवाट का सोलर पावर प्लांट पूरी तरह से ठप हो गया है। घटना को कई महीने बीत चुके हैं, लेकिन अब तक न तो सिस्टम की मरम्मत की गई है और न ही वैकल्पिक बिजली व्यवस्था की गई। सोलर प्लांट बंद होने से गांव के घरों और गलियों में अंधेरा पसरा हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि रात्रि के समय पूरे इलाके में अंधेरा रहने के कारण जंगली जानवरों, विशेषकर हाथियों का आतंक बढ़ गया है। पिछले कुछ दिनों से हाथियों का झुंड बार-बार गांव की सीमा में प्रवेश कर रहा है, जिससे ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। ग्रामीणों ने बताया कि यह क्षेत्र गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान के परिक्षेत्र से लगा हुआ है, जहां से जंगली हाथी अक्सर भटक कर आसपास के गांवों में पहुंच जाते हैं। अंधेरे में किसी बड़ी जनहानि की आशंका बनी हुई है। गांव के बुजुर्गों ने बताया कि सोलर पावर प्लांट के माध्यम से गांव की बिजली आपूर्ति सुचारू रहती थी, लेकिन आकाशीय बिजली गिरने के बाद से पूरा सिस्टम जल गया है।बार-बार शिकायत के बावजूद विभागीय अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे हैं। ग्रामीण जिला प्रशासन एवं ऊर्जा विभाग से जल्द से जल्द सोलर पावर प्लांट की मरम्मत कर पुनः बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग कर रहे हैं। साथ ही वन विभाग से हाथियों की आवाजाही रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने की भी अपील की है।



## भाईदूज पर रवि की मौत: पत्नी संग बाइक पर जा रहे थे ससुराल, हाइवे पर मांझे से कटी गर्दन; बही खून की धार

रवि कुमार गुरुवार को दोपहर अपनी ससुराल लखीमपुर खीरी जिले के गांव शंकरपुर जा रहे थे। उनके साथ में पत्नी मोनी भी थी। लखनऊ-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर मेजबान होटल के ओवरब्रिज के पास हांडा कॉलोनी की तरफ जाते समय चाइनीज मांझा उनकी गर्दन में उलझ गया। यूपी के रोजा (शाहजहांपुर) में भाईदूज के मौके पर पत्नी के साथ ससुराल जा रहे कांट थाना क्षेत्र के गांव नगला जाजू के रहने वाले रवि कुमार की गर्दन चीनी मांझे की चपेट में आ गई। उसकी मौके पर मौत हो गई है।खेतीबाड़ी करने वाला रवि कुमार गुरुवार को दोपहर अपनी ससुराल लखीमपुर खीरी जिले के गांव शंकरपुर जा रहे थे। उनके साथ में पत्नी मोनी भी थी। लखनऊ-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर मेजबान होटल के ओवरब्रिज के पास हांडा कॉलोनी की तरफ जाते समय चाइनीज मांझा उनकी गर्दन में उलझ गया। हेलमेट लगाए होने के बावजूद गर्दन दो से तीन इंच तक कटने के चलते खून की धारा बह निकली। हादसे के बाद रोजा पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस बुलाकर उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज भेजा। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



# अमरोहा में दो जगहों पर मारपीट के बाद फायरिंग, भाजपा नेत्री समेत 22 लोगों के खिलाफ केस, रिवाल्वर लहराई

अमरोहा जिले में दो जगहों पर हुई मारपीट में 22 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। इसमें बीजेपी की महिला नेता भी शामिल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।गाली-गलौज का विरोध करने पर दो पक्षों में विवाद हो गया। मारपीट हुई। इस दौरान रिवाल्वर लहराने का एक पर वायरल हो रहा है। मामले में पुलिस ने 13 रिपोर्ट दर्ज की है। नामजद में भाजपा महिला वर्षा वशिष्ठ भी शामिल हैं।सैदनगली के मोहल्ला लक्ष्मी शर्मा आशा वर्कर हैं। उन्होंने बताया कि बॉबी उर्फ अमित शर्मा आए दिन गाली-गलौज वर्षा वशिष्ठ भाजपा महिला मोर्चा की जिलामंत्री 8-30 बजे गाली-गलौज को लेकर विवाद उनके परिवार के साथ लाठी-डंडों से मारपीट नीयत से फायरिंग की जिससे बाल बाल बच वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रिवाल्वर लहराता दिखाई दे रहा है। सूचना पर ने भी मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। बताया कि लक्ष्मी शर्मा की तहरीर के आधार बॉबी, वर्षा वशिष्ठ, शगुन को नामजद करते के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। गिरफ्तार किया जाएगा। दो पक्षों में मारपीट,



के दौरान फायरिंग भी वीडियो सोशल मीडिया लोगों के खिलाफ मोर्चा की जिलामंत्री धर्मशाला मंदिर निवासी पड़ोस के रहने वाला करते हैं। उनकी पत्नी हैं। बुधवार रात करीब हो गया।आरोप है कि की। जान से मारने की गए। घटना का एक रहा है। इसमें एक शख्स थाना पुलिस और सीओ सीओ दीप कुमार पंत ने पर तीन अमित शर्मा उर्फ हुए 10 अज्ञात समेत 13 जल्द ही आरोपियों को नौ लोगों पर मुकदमा-

नौगांवा सादात के मंदिर में दीपक जलाकर घर लौटते समय बीजरा गांव के दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। एक-दूसरे को डंडों से पीटा। जान से मारने की धमकी दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हालात संभाले। दोनों पक्षों के नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। गांव बीजरा में नंदराम सिंह और डालचंद सिंह के परिवार रहते हैं। डालचंद सिंह के बेटे सुरेश सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। बताया कि 21 अक्तूबर की शाम पांच बजे वह ड्यूटी से घर लौट रहा थे। तभी गांव के रहने वाले रवि, दीपक, रोहतास, सुंदर ने उन्हें रास्ते में रोक लिया और लाठी से मारपीट करने लगे। पुलिस में शिकायत करने पर परिवार समेत जान से मारने की धमकी दी। वहीं, नंदराम सिंह के बेटे रवि द्वारा दर्ज कराई रिपोर्ट के मुताबिक वह घटना के समय मंदिर में दीपक जलाकर घर लौट रहे थे। तभी गांव के सुरेश, काशीराम, शिवम कुमार, सौरभ और राकेश ने उनपर लाठी से हमला बोल दिया। बचाव में आए परिजनों को भी पीटा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाकर शांत किया। सीओ अवधभान भदोरिया ने बताया कि रवि की तहरीर पर सुरेश, काशीराम, शिवम कुमार, सौरभ और राकेश के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। वहीं, सुरेश कुमार की तहरीर पर रवि कुमार, दीपक, रोहतास और सुंदर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### ड्यूटी से लौट रहे होमगार्ड की कार की चपेट में आने से मौत

क्यूँ न लिखूँ सच / प्रेमचंद जायसवाल / श्रावस्ती थाना क्षेत्र मल्हीपुर में एक होमगार्ड की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। वह भिनगा से ड्यूटी कर अपने घर लौट रहा था, तभी एक वाहन ने उसे टक्कर मार दी। यह घटना मल्हीपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बहराइच-जमुनहा मार्ग पर शिकारी गांव के पास हुई। मृतक होमगार्ड का नाम ननकू वर्मा (पुत्र बराती लाल वर्मा) था, जो गुरदत्तपुरवा का निवासी था। वह भिनगा में स्ट्रा मजिस्ट्रेट के यहां से ड्यूटी कर मोटरसाइकिल से वापस आ रहा था। शिकारी गांव के पास पीछे से आ रही एक वैगन आर गाड़ी (नंबर यूपी 32जी क्यू 4999) ने उसकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि होमगार्ड ननकू वर्मा की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना परिजनों को दी। स्थानीय ग्रामीणों ने मल्हीपुर थाने को भी सूचित किया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मल्हीपुर सौरभ सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने गाड़ी चालक को हिरासत में ले लिया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिनगा मुख्यालय भेज दिया गया है।






### फंदे से लटका मिला किशोरी का शव

क्यूँ न लिखूँ सच / प्रेमचंद जायसवाल / श्रावस्ती विकास खण्ड जमुनहा के अन्तर्गत एक किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। किशोरी का शव घर के अंदर फांसी के फंदे से लटका पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मल्हीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत जमुनहा भवनियापुर के मजरा जमुनहा गांव निवासी शाइबा (15) पुत्री हलीम की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सुबह शाइबा का शव घर के अंदर छत में लगी लकड़ी की बल्ली से रस्सी के सहारे फंदे पर लटका पाया गया।।

### टीईटी की अनिवार्यता पर आर या पार के मूड में शिक्षक, 24 नवंबर को दिल्ली कूच; जुटेंगे कई लाख शिक्षक

यूपी सहित देशभर में टीईटी अनिवार्य करने के फैसले के खिलाफ पूरे देश के शिक्षक एकजुट होने जा रहे हैं। शनिवार से इसको लेकर रणनीति बननी शुरू हो जाएगी। देश भर के शिक्षकों के शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) अनिवार्य किए जाने के बाद शिक्षकों का विरोध तेज हो रहा है। कई शिक्षक संगठनों के मोर्चे ने 24 नवंबर को दिल्ली कूच का ऐलान किया है। इसके लिए 25 अक्टूबर से देश भर के सभी जिलों में जनसंपर्क और बैठकों का सिलसिला शुरू होगा।शिक्षक संगठनों के संयुक्त मोर्चा अखिल भारतीय शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने 24 नवंबर को दिल्ली के जंतर-मंतर होने वाले आंदोलन की तैयारी तेज कर दी है। इसमें देश भर के लाखों शिक्षक शामिल होंगे। दिवाली आदि त्यौहार के बाद शिक्षकों ने इसके लिए तैयारी तेज कर दी है। इसी क्रम में 25 से 31 अक्टूबर तक पूरे देश के जिला मुख्यालयों पर मोर्चे में शामिल सभी घटक संगठन शिक्षकों की बैठकें करेंगे।अखिल भारतीय शिक्षक संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय सह संयोजक अनिल यादव ने बताया कि बैठक कर अधिक से अधिक शिक्षकों को दिल्ली जंतर मंतर पर पहुंचने के लिए तैयार करेंगे। इसके लिए स्कूलों में जनसंपर्क भी किया जाएगा। उन्होंने कहा की दिल्ली जाने वालों की संख्या और तैयारी की जानकारी शीर्ष नेतृत्व को 10 नवंबर तक सभी प्रदेशों द्वारा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि शिक्षकों पर शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) अनिवार्य किए जाने के आदेश के खिलाफ शिक्षकों को आंदोलन करना पड़ रहा है। टीईटी लागू होने से उत्तर प्रदेश में लगभग 1,86,000 और देश भर में लगभग 10 लाख शिक्षक प्रभावित हो रहे हैं। संयुक्त मोर्चा की मांगें – केंद्र सरकार टीईटी को अनिवार्य करने के आदेश में संशोधन करे – शिक्षकों की सेवा सुरक्षित करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं – केंद्र सरकार संसद में अध्यादेश लाकर देश के शिक्षकों के हितों की रक्षा करे



# Obesity can prove fatal, increasing cancer risk among young and old alike.

Obesity-related cancer cases are now increasing not just among young people, but globally in both young and old age groups. According to a global analysis, hormonal changes, chronic inflammation, and metabolic problems caused by excess body fat are the main causes. Let's learn what this research has revealed. Obesity-related cancer cases, which were previously seen increasing among young people, are now likely to increase globally in both young and old age groups. According to a global analysis, hormonal changes, chronic inflammation, and metabolic problems caused by excess body fat are the main causes of cancer. Researchers from the Institute of Cancer Research and Imperial College London have warned that new studies focusing solely on young people should be carefully considered for their findings of rising cancer rates. The study, published in the journal Annals of Internal Medicine, analyzed annual cancer incidence rates from 2003 to 2017. It found that five obesity-related cancers: thyroid, breast, kidney, endometrial, and blood (leukemia) are increasing among young people aged 20 to 49 and adults over 50. Analyzing data from 42 countries, the team concluded that all five cancers are associated with obesity. Data from 42 countries in Asia, Europe, Africa, North and South America, and Australia were analyzed, drawn from the International Agency for Research on Cancer's GLOBOCAN database. More than three-quarters of these countries found increases in thyroid, breast, colorectal, kidney, endometrial, and leukemia among young people. However, for colorectal cancer, the incidence of young people increased more than that of older people in about 70 percent of countries. The researchers attributed this trend to exposure to new cancer factors or effective screening among older people. For liver, oral, esophageal, and stomach cancers, incidence rates among young people decreased in more than half of the countries studied. Cancers increasing among both young and old - The authors wrote that the number of cancer patients with several types of cancer increased in many countries. However, except for colorectal cancer, this increase occurred among both young and old people. In most countries, the cancer types increasing among young and old people were all associated with obesity, with endometrial and kidney cancers being most strongly associated with obesity. The team said the results indicate that changes in exposures leading to higher cancer rates may be common across all age groups and not limited to young people. Cancer types previously seen increasing among young people are now increasing among both young and old people. The implications of focusing new research studies on these cancer types solely on young people should be carefully considered.



# Say "No" to Packaged Snacks! Make These 5 Easy Homemade Dishes for Kids in 5 Minutes

As soon as evening arrives, children crave something. While packaged snacks seem like an easy option, they can be detrimental to their health. In such a situation, you can make some healthy snacks at home that can be easily prepared in a short time. Children often insist on snacks in the evening. Packaged snacks from the market can be detrimental to their health. Some healthy snacks can be easily prepared in 5 minutes. After a long day of running around and studying, children's energy begins to drain in the evening. A nutritious and tasty snack can replenish their energy. However, parents often face the challenge of preparing something that their children will enjoy and is also healthy. Instead of buying packaged and preservative-laden snacks from the market, it's better to make something fresh and easy at home. Let's explore 5 such easy and tasty dishes. Mini Vegetable Sandwiches - This is a classic and very popular option. It's easy to make, and even children love it. Method: Take small pieces of brown bread or multigrain bread. Spread a little butter or green chutney on each slice. Place finely chopped vegetables like cucumber, tomato, and bell pepper on one slice. Sprinkle a little black salt and chaat masala on top and cover with another slice. You can also add paneer or cheese. Cut it into any shape your children like and serve. Moong Dal Cheela: Cheela is a great snack rich in protein and nutrition. It is light and easy to digest. Method: Soak a bowl of moong dal for 4-5 hours. Then grind it into a fine paste. Add a little salt, chopped onion, coriander leaves, and cumin powder. Spread this mixture on a non-stick pan with a little oil. Toast well on both sides. Serve with tomato sauce or coriander chutney. It's great for children's bones and muscles. Fruit Chaat - Fruits are good for health, but children enjoy them even more when served in a creative way. Method: Cut seasonal fruits like apples, bananas, pears, pomegranates, and watermelon into small cubes. Combine all the fruits in a bowl. Add a little black salt, chaat masala, and lemon juice and mix well. Serve directly in a bowl or in an ice cream cone. Its colorful appearance will surely attract children. Paneer Tikka or Paneer Pops - Paneer is very beneficial for children's health. This method of preparation is very fun and tasty. Method: Cut small cubes of paneer. Prepare a marinade by adding yogurt, salt, red chili powder, garam masala, and some finely chopped capsicum in a bowl. Coat the paneer cubes thoroughly and refrigerate for 15-20 minutes. Then, lightly oil them and bake them in a pan or oven. You can also make "paneer pops" by threading them onto ice cream sticks. Serve them with mint chutney. Oats and Vegetable Pancakes - Oats are rich in fiber and are very good for children's stomachs. You can easily give them the nutrition of oats by making these pancakes. Method of preparation - Take a bowl of oat powder. Add finely chopped carrots, beans, green coriander, an egg (or yogurt instead of egg), salt and black pepper powder. Prepare a thick batter by adding a little water. Now, lightly oil a non-stick pan and spread this mixture. Bake until golden on both sides. Serve it hot with ketchup or yogurt.



# Most people make this common kitchen mistake: storing these 5 things together can cause fruits and vegetables to spoil faster.

Store fruits and vegetables together in the kitchen can cause them to spoil faster. Some fruits release ethylene gas, which accelerates the ripening or rotting of surrounding vegetables. Therefore, storing fruits and vegetables properly is essential to avoid food waste. Vegetables and fruits must be stored properly to keep them fresh for a long time. Storing some fruits and vegetables together can cause them to spoil due to a gas released from them. We often make the mistake of storing fruits and vegetables together in the kitchen, thinking it will save space or maintain freshness. However, storing certain fruits and vegetables together can not only harm their taste and nutrition, but can also impact your health and budget. In fact, some fruits release ethylene gas, which accelerates the ripening or rotting process of surrounding vegetables and fruits. Let's learn about some such fruits and vegetables. Which fruits and vegetables should not be stored together? Apples and green vegetables - Apples are natural ethylene-producing fruits. If stored with green vegetables like cabbage, spinach, or broccoli, they may quickly turn yellow and their taste may change. This leads to nutritional deficiencies. Bananas and other ethylene-sensitive fruits - Bananas also release large amounts of ethylene gas. If you store bananas with mangoes, papayas, strawberries, blueberries, raspberries, grapes, or pears, these fruits may ripen and rot very quickly. Therefore, it is wise to store these fruits separately. Potatoes and onions - This is a common mistake that happens in almost every household. People store potatoes and onions together in bags or baskets. However, the moisture and gas emitted by onions cause potatoes to sprout and rot quickly. Tomatoes and Cucumbers - Tomatoes also release ethylene gas, while cucumbers and gherkins are sensitive to this gas. Storing them together can quickly make cucumbers soft and watery, ruining their flavor. Watermelons and Cut Fruits - Storing cut watermelons with grapes, strawberries, or other cut fruits can spoil quickly. It's best to store cut fruits separately in airtight containers. A little care during storage can keep your fruits and vegetables fresh for a long time. Always keep fruits that release ethylene separate from ethylene-sensitive vegetables and fruits. This habit will not only prevent food waste but also save you both health and money.



